इंटरनेट पर देखें www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति "

आर.एन.आई.नं. 58841/93

डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 | अंक -240 | राजनांदगांव, बुधवार 17 जुलाई 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## डोडा एनकाउंटर: सेना के 4 जवान और एक पुलिसकर्मी शहीद; रक्षा मंत्री राजनाथ बोले- 'जवानों की शहादत से बहुत दुखी हूं'



जम्मू। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में विदेशी आतंकवादियों को खत्म करने के लिए पुलिस के साथ संयुक्त और समन्वित अभियान के दौरान एक कैप्टन समेत चार सैन्यकर्मी शहीद हो गये।

सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जम्मू स्थित रक्षा मंत्रालय के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) सुनील बर्तवाल ने कहा कि सोमवार रात 8.40 बजे एक खोज दल ने डोडा क्षेत्र से 10 किमी उत्तर में उरारबग्गी में आतंकवादियों को छिपे हुए होने की सूचना पर अभियान शुरू किया। वह इलाका घने जंगलों वाला और पहाड़ी क्षेत्र है और बादलों व बारिश के कारण दृश्यता सीमित है।

उन्होंने कहा, शुरुआती गोलीबारी में, सेना के चार जवान घायल हो गए, जिन्होंने बाद में दम तोड़ दिया। आतंकवादियों को खदेड़ने के लिए अतिरिक्त सैनिक और उपकरण बुलाए गए एवं ड्रोन तथा अन्य तकनीकी संसाधनों का उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। शहीद सैनिक हैं- कैप्टन ब्रिजेश थापा, नायक डी राजेश, सिपाही बिजेंद्र और सिपाही अजय।

पीआरओ ने कहा, सेना उन विदेशी आतंकवादियों को खत्म करने के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ संयुक्त और समन्वित अभियान चला रही है, जो घुसपैठ कर चुके हैं तथा उधमपुर, डोडा, किश्तवाड़ एवं भद्रवाह जिलों के ऊपरी इलाकों और उसके बाद कश्मीर घाटी की ओर बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इसी तरह के ऑपरेशन कठुआ क्षेत्र में लगातार चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, हाल के दिनों में कई ऑपरेशनों के परिणामस्वरूप 26 जून को गंदोह में तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया, साथ ही 11 जून को छत्तर गली आतंकवादी हमले को भी सफलतापूर्वक विफल कर दिया गया। उन्होंने कहा, मृत आतंकवादियों के पास से बरामद बड़ी मात्रा में युद्ध जैसे भंडार के विश्लेषण से सीमा पार की शुरुआती एजेंसियों का हाथ होने का पता चलता है।

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने भी ड्यूटी के दौरान सेना के जवानों की मौत पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, डोडा जिले में हमारे सेना के जवानों और जेकेपी कर्मियों पर कायरतापूर्ण हमले के बारे में जानकर मुझे गहरा दुख हुआ है। हमारे राष्ट्र की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि। शोक संतप्त परिवारों के सदस्यों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएँ।

उन्होंने कहा, हम अपने सैनिकों की मौत का बदला लेंगे और आतंकवादियों और उनके सहयोगियों के नापाक मंसूबों को नाकाम कर देंगे। मैं लोगों से आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होने और हमें सटीक जानकारी प्रदान करने का आह्वान करता हूं ताकि हम आतंकवाद विरोधी अभियान तेज कर सकें तथा आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र को बेअसर कर सकें।

एडीजीपीआई ने क्षेत्र में शांति सुनिश्चित करने के लिए डोडा में एक आतंकवाद विरोधी अभियान चलाते हुए पोस्ट किया, भारतीय सेना दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है।

डोडा में ताजा मुठभेड़ जम्मू क्षेत्र में आतंकी गतिविधियों में हाल ही में आई तेजी का हिस्सा है। गत नौ जुलाई को डोडा जिले में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई। इससे पहले आठ जुलाई को कठुआ जिले के मछेड़ी इलाके के लोहाई ब्लॉक के बदनोट गांव में ट्रक पर आतंकवादियों के हमले के बाद हुई गोलीबारी में सेना के पांच जवान शहीद हो गए और कई घायल हो गए।

गत 11-12 जून को डोडा जिला दोहरे आतंकी हमलों से दहल गया था। इससे पहले 11 जून को छत्तर गली में एक संयुक्त जांच चौकी पर आतंकवादियों के हमले में छह सुरक्षाकर्मी घायल हो गए थे और 12 जून को गंदोह इलाके में कोटा टॉप पर आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक पुलिस अधिकारी घायल हो गया था।

वहीं 26 जून को डोडा जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान तीन आतंकवादी मारे गए थे।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जताया शोक



इस बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पोस्ट किया, मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। राष्ट्र हमारे सैनिकों के परिवारों के साथ दृढ़ता से खड़ा है जिन्होंने कर्तव्य के दौरान अपने जीवन का बलिदान दिया है। आतंकवाद विरोधी अभियान चल रहे हैं, और हमारे सैनिक आतंकवाद के संकट को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं तथा क्षेत्र में शांति एवं व्यवस्था बहाल करें।

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया, मेरे लोकसभा क्षेत्र में जिला डोडा के देसा इलाके में सशस्त्र मुठभेड़ों की खबरों से बेहद परेशान हूं। उन्होंने कहा, हमारे बहादुरों की शहादत पर शोक व्यक्त करने और निंदा करने के लिए शब्द कम पड़ रहे हैं। आइए हम सभी मिलकर दुश्मन के नापाक मंसूबों को हराएं और शांति और सद्भाव बनाए रखें जिसके लिए डोडा हमेशा से जाना जाता है।

## बजट से पहले हुई हलवा सेरेमनी, निर्मला सीतारमण ने कराया सभी का मुंह मीठा



नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय में हलवा सेरेमनी के साथ वित्त वर्ष 2024-25 के बजट तैयार करने की प्रक्रिया के आखिरी चरण की शुरुआत 23 जुलाई को हो चुकी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की उपस्थिति में नॉर्थ ब्लॉक स्थित वित्त मंत्रालय में इस समारोह का आयोजन हुआ। हर साल की तरह इस वर्ष भी बजट पेश होने से पहले वित्त मंत्रालय में हलवा सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस समारोह में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और वित्त मंत्रालय के उच्च अधिकारी उपस्थित थे। वित्त मंत्री सीतारमण ने अपने हाथों से कढ़ाई से हलवा निकालकर उपस्थित लोगों को परोसा। भारतीय परंपरा में, हर शुभ काम से पहले मीठा खाने का रिवाज है, और हलवा को शुभ माना जाता है। पूजा के दौरान भगवान को प्रसाद के रूप में हलवा चढ़ाया जाता है, इसी मान्यता के तहत बजट की छपाई से पहले इस सेरेमनी का आयोजन किया जाता है।

### 22 जुलाई से 12 अगस्त तक बजट पर चर्चा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट आने वाला है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को संसद में बजट पेश करेंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोकसभा और राज्यसभा को 22 जुलाई से 12 अगस्त तक बजट पर चर्चा के लिए मंजूरी दी है। केंद्रीय बजट से हर बार देश के लोगों को काफी उम्मीदें रहती हैं। खासकर मध्यमवर्गीय लोगों के जीवन पर बजट का सीधा असर पड़ता है।

### सर्वदलीय बैठक बुलाई गई

22 जुलाई से शुरू होने जा रहे संसद के आगामी बजट सत्र से एक दिन पहले 21 जुलाई को सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में शामिल होने के लिए दोनों सदनों, लोकसभा और राज्यसभा, में सभी राजनीतिक दलों के फ्लोर लीडर्स को आमंत्रित किया है। संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू संसद के बजट सत्र से पहले 21 जुलाई को सुबह 11 बजे दोनों सदनों के सभी राजनीतिक दलों के फ्लोर लीडर्स के साथ संसद भवन परिसर स्थित संसदीय सौध के मुख्य समिति कक्ष में बैठक करेंगे। लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में राहुल गांधी की यह पहली सर्वदलीय बैठक होगी। संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू होने जा रहा है और इसके 12 अगस्त तक चलने की संभावना है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट पेश करेंगी।

## उद्योगपतियों के साथ सीएम साय की बैठक : नई औद्योगिक नीति पर चर्चा, साय बोले- सरकार हरसंभव सहयोग करेगी

रायपुर। भारतीय उद्योग परिसंघ ने नए औद्योगिक नीति 2024-29 के लिए बैठक रखी थी। इस बैठक में सुझावों पर चर्चा के दौरान सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि, राज्य सरकार प्रदेश में उद्योगों की स्थापना के लिए हर संभव सहयोग करेगी। सरकार की मंशा है कि, छत्तीसगढ़ में नए उद्योगों की स्थापना हो, वैल्यू एडिशन का काम हो और स्थानीय युवाओं को रोजगार मिले।



इस दौरान मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, सीआईआई के छत्तीसगढ़ स्टेट काउंसिल के चेयरमैन आशीष सराफ, वाइस चेयरमैन संजय जैन, आनंद सिंघानिया, नरेंद्र गोयल, पंकज सारडा, रमेश अग्रवाल, के साथ ही सीआईआई छत्तीसगढ़ स्टेट काउंसिल के सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर भारतीय उद्योग परिसंघ के सदस्यों ने सिंगल विंडो सिस्टम और मुख्यमंत्री ने रोजगार सृजन के लिए उद्योगों को बढ़ावा दिए जाने के प्रयासों की सराहना की।

### खनिज, वनोपज में वैल्यू एडिशन प्रदेश में ही हों - सीएम साय

सीएम साय ने कहा कि, प्रदेश में प्राकृतिक संसाधनों और बहुमुल्य खनिजों को भंडार हैं। प्रदेश में लघु वनोपज बड़ी मात्रा में उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि, चाहे खनिज हो या लघुवनोपज इनका वैल्यू एडिशन छत्तीसगढ़ में ही हो, जिससे कि प्रदेश को इसका लाभ मिले। सीएम साय ने कहा कि, पिछले पांच सालों में सैंकड़ों एमओयु हुए हैं लेकिन इनका क्रियान्वयन नहीं हो सका।

### महत्वपूर्ण सुझाव मिले, समिति को भेजे जाएंगे

सीएम साय ने कहा कि, सीआईआई ने नई औद्योगिक नीति के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए हैं। ये सभी सुझाव प्रदेश के उद्योग मंत्री और नीति तैयार करने वाली समिति को भेजा जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि, सभी सुझावों का अध्ययन कर अच्छे सुझावों को नई उद्योग नीति में शामिल किया जाएगा। सीएम साय ने कहा कि, हमारे पीएम मोदी ने 2047 तक विकसित भारत बनाने की संकल्पना की है और अगले 5 सालों में भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य है। इन्हीं लक्ष्यों करो पूरा करने हम विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि, राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर नई औद्योगिक नीति और विकसित छत्तीसगढ़ का विजन डॉक्यूमेंट भी जारी किया जाएगा।

### सिंगल विंडो सिस्टम की सराहना

भारतीय उद्योग परिसंघ के सदस्यों, प्रतिनिधियों ने सीएम से चर्चा के दौरान छत्तीसगढ़ में सिंगल विंडो सिस्टम की प्रशंसा की। उन्होंने सीएम से आग्रह किया कि सिंगल विंडो सिस्टम के लिए एक टाइम फ्रेमवर्क का भी निर्धारण किया जाए। छत्तीसगढ़ पॉवर सरप्लस स्टेट है इसलिए यहां डेटा सेंटर स्थापित किए जा सकते है क्योंकि इनमें बड़ी मात्रा में बिजली का उपयोग होता है। सदस्यों ने आग्रह किया कि रियल एस्टेट इंडस्ट्री को नई औद्योगिक नीति में शामिल किया जाए। इस अवसर पर भारतीय उद्योग परिसंघ के सदस्यों ने नई औद्योगिक नीतियों पर आधारित सुझावों का प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किया।







## नीति आयोग का पुनर्गठन: मोदी अध्यक्ष बने रहेंगे, उपाध्यक्ष-पूर्णकालिक सदस्यों में बदलाव नहीं; सहयोगी भी शामिल

नई दिल्ली। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार ने मंत्रिपरिषद में बदलाव के बाद नीति आयोग का भी पुनर्गठन किया है। नए संशोधन के बाद प्रधानमंत्री पुनर्गठित आयोग के अध्यक्ष बने रहेंगे। वहीं उपाध्यक्ष और अन्य पूर्णकालिक सदस्यों में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। राष्ट्रपति भवन ने इस बाबत एक अधिसूचना जारी की है।

नीति आयोग में नए संशोधन के मुताबिक, आयोग के उपाध्यक्ष सुमन के बेरी बने रहेंगे। वहीं वीके सारस्वत, रमेश चंद, वीके पॉल और अरविंद विरमानी पूर्णकालिक सदस्य बने रहेंगे। नए संशोधन में भाजपा के सहयोगी दलों के नेताओं को भी जगह दी गई है।




### शिवराज सिंह चौहान बनाए गए पदेन सदस्य

नीति आयोग के पुनर्गठन के बाद कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान को नए पदेन सदस्य के रूप में जोड़ा गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह,

(शेष पृष्ठ 6 पर...)

# छत्तीसगढ़ की जेलों में राशन आपूर्ति के नाम पर करोड़ों का खेल, मुख्यमंत्री साय और गृहमंत्री विजय शर्मा से शिकायत

रायपुर(दावा)। छत्तीसगढ़ की जेलों में राशन आपूर्ति के नाम पर करोड़ों का खेल हुआ है। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री और गृहमंत्री से लेकर सभी विभागीय अधिकारियों तक पहुंची है। दरअसल वर्षों से जेलों में राशन की आपूर्ति कर रहे खाद्य व्यापारियों ने शिकायत पत्र देकर आरोप लगाया है कि लोकसभा चुनाव आचार संहिता के दौरान जेल विभाग ने खाद्य पदार्थों की खरीदारी के लिए भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नेफेड) से टेंडर जारी कर दिया। उत्तरप्रदेश की एक कंपनी को आपूर्ति का ठेका दिया गया। इसमें जेल मैनुअल व शर्तों का पालन नहीं किया गया। एजेंसी भी बिना सब्सिडी के ज्यादा कीमत में केवल चावल की आपूर्ति कर सरकार को करोड़ों रुपए का नुकसान पहुंचाया है, क्योंकि केंद्र सरकार अनाज पर सब्सिडी दे रही है। सब्सिडी में चावल 2900 रुपए प्रति क्विंटल में मिल रहा है। बावजूद इसे 1450 रुपए ज्यादा कीमत देकर जेल विभाग ने 4350 रुपए में प्रति क्विंटल में खरीदा। इसी तरह से 6000 रुपए प्रति क्विंटल मिलने वाले चना दाल को 8300 रुपए में खरीदा गया। चौंकाने वाली




बात यह है कि आचार संहिता के दौरान टेंडर और खरीदी-बिक्री पर पूरी तरह से रोक रहती है। इसके बाद भी टेंडर निकालकर ठेका दिया गया है। व्यापारियों की शिकायत की जांच कराई जा रही है।

शिकायतकर्ता व्यापारियों के मुताबिक केंद्र सरकार चावल ही नहीं चना दाल, मूंगदाल और आटा में भी सब्सिडी दे रही है। चावल सब्सिडी में 2900, चना दाल 6000, मूंगदाल 10700 और आटा 2750 रुपए में मिलता है। इसके बाद भी बिना सब्सिडी के जेल में खरीदी की गई है। इसके लिए नेफेड दो प्रतिशत अतिरिक्त राशि भी ले रहा है। इसी तरह गुड 5100 और चायपत्ती 32400 रुपए प्रति क्विंटल में खरीदा जा रहा है।इससे पहले चायपत्ती 21000 रुपए और गेंहू 2700 रुपए में खरीदा जा रहा था।

जेल मैनुअल के अनुसार राशन की आपूर्ति रोज या सात दिनों के लिए ही की जाती है। एक साथ कभी भी दो-तीन माह का राशन नहीं खरीदा जाता। अधिकतम सात दिनों तक का ही राशन खरीदा जाता था, क्योंकि इसमें राशन खराब होने का डर रहता है, लेकिन पहली बार एक साथ तीन माह का राशन खरीद लिया गया। इसमें गर्मी में खराब होने वाली सामाग्री भी शामिल है। राज्य के 33 जेलों में बंद करीब 18 हजार कैदियों के लिए राशन की खरीदारी की जाती है। जेल मैनुअल में उनके लिए भोजन से लेकर नाश्ते की मात्रा तक तय है। इसी तरह उन्हें किस दिन कौन सी दाल और सब्जी देनी है, यह भी तय है। जेल नियमों के विपरित अफसरों ने अरहर दाल की खरीदी ही नहीं की।

नियमों के अनुसार जेल विभाग जब भी टेंडर जारी करेगा, उसमें कम से कम तीन कंपनियों का शामिल होना जरूरी है, जिसका रेट सबसे कम होगा उसे ही आपूर्ति का ठेका दिया जाता है। यह ठेका एक साल के लिए होता है।अफसरों ने इस नियम का भी पालन नहीं किया है। आचार संहिता के बीच गुपचुप तरीके से टेंडर कर उत्तरप्रदेश की एक कंपनी को ठेका दे दिया गया।

खाद्य व्यापारी महेश आहूजा ने बताया कि वे अभी भी जेल में खाद्य पदार्थों की आपूर्ति कर रहे हैं। उनका टेंडर खत्म नहीं हुआ है। उन्हें तीन माह और अनाज की आपूर्ति करनी थी, लेकिन जेल के उच्चअधिकारियों ने नियमों का उल्लंघन कर टेंडर जारी कर दिया, जबकि जेल में खरीदारी का अधिकार अधीक्षक को ही है। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, राज्यपाल और राज्य मानवाधिकार आयोग से की गई है।

# जिला उपभोक्ता आयोग में वृक्षारोपण : एक वृक्ष 10 बच्चों के समान- डॉ. आनंद वर्गीस



राजनांदगाँव (दावा)। जिला उपभोक्ता आयोग राजनांदगाँव (छ.ग.) द्वारा प्रकृति बचाव अभियान के अंतर्गत आयोग परिसर में अधिवक्ताओं एवं आयोग के कर्मचारियों ने मिलकर वृक्षारोपण का कार्यक्रम 16 जुलाई को आयोजित किया। अधिवक्ताओं द्वारा अपनी माँ के नाम से वृक्ष लगाये गये एवं वृक्षों की देख-भाल व बड़ा करने का प्रण भी किया। इस अवसर पर आयोग के सदस्य डॉ.आनंद वर्गीस एवं मनोज चौधरी अध्यक्ष, अधिवक्ता संघ एवं अधिवक्तागण डी.के. जैन, विकास शुक्ला, रूपेश दुबे, ललित कश्यप, कृष्ण कुमार सिंह, प्रवीण मल्ल, सुधांशु जोशी, टी.एस.साहू. मुकेश बागड़े, नरेन्द्र सेन, परवेज अख्तर आदि उपस्थित थे।

वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है क्योंकि पेड़ पर्यावरण को ऑक्सीजन प्रदान करते है व हवा की गुणवत्ता को बेहतर बनाते है। जितने अधिक पेड लगायेंगे दुनिया का वर्यावरण उतना सुरक्षित होगा। एक पेड को लगाना 10 बच्चों के समान है। इस पुनित कार्य को करने से आने वाली पीढियों सुरक्षित होगी। वृक्ष प्रकृति की अनुपम देन है पृथ्वी व मनुष्य के लिये वरदान है। पेड लगाकर अपना व समाज के जीवन को खुशहाल बनाये। इस संदेश के साथ उपभोक्ता आयोग, द्वारा वृक्षारोपण परिसर में किया गया। उक्त जानकारी रंजन टेंभरे, स्टेनोग्राफर द्वारा दिया गया।

# मवेशियों की धर-पकड अभियान के तहत आज पकड़े 18 मवेशी

राजनांदगांव (दावा)। घुमंतु मवेशियों की धरपकड़ के तहत नगर निगम की टीम शहर के प्रमुख चौक चौराहो में घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज शहर के प्रमुख मार्गो व चौक चौराहों से 18 घुमन्तु मवेशियों की धर-पकड की गयी। उल्लेखनीय है कि कई पशु मालिकों द्वारा अपने मवेशियों को खुला छोड देते है, जिससे मवेशी चौक चौराहों में घुमते एवं बैठे रहते है, जिससे यातायात बाधित होती है एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जो आमजनों के साथ ही पशुओ के लिये भी खतरनाक है।



नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने टीम गठित किये है, गठित टीम चौक चौराहो से घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज प्रमुख मार्गो व चौक चौराहो मानव मंदिर चौक, जमातपारा, पोस्ट आफिस चौक, सर्किट हाउस चौक, कौरिनभाठा, आर.के.नगर, रायपुर नाका आदि से घुमन्तु मवेशियों की धर-पकड के तहत 18 घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़ा गया। मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में रखा जाता है एवं उन्हें छोडने पर 570-570 रूपये संबंधित से अर्थदण्ड लेकर मवेशी छोडा जाता है। कल जी.ई.रोड, महावीर चौक नया बस स्टैण्ड क्षेत्र से 12 मवेशी पकडे गये थे।

आयुक्त श्री गुप्ता ने दुर्घटना से बचने मवेशी मालिक अपने जानवर को निर्धारित स्थल में बांध कर रखने तथा चौक-चौराहों व सड़कों पर घुमने पशुओं को खुला न छोड़ने की अपील की है। उन्होंने कहा कि चौक-चौराहों व सड़कों पर खुला घुमते पाये जाने पर पशुओं को नगर निगम के अमला द्वारा पकड़कर कांजी हाऊस में बंद कर नियमानुसार शुल्क व जुर्माना भुगतान करने के उपरांत ही मुक्त कर संबंधित पशु पालकों को सौपा जायेगा।

# 'घर में घुस कर मारने वाले नहीं कर पा रहे आतंकवाद पर काबू...', मोदी सरकार पर ओवैसी का हमला

नई दिल्ली। जम्मू कश्मीर के डोडा में रविवार देर आतंकवादियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें सेना के पांच जवाब बलिदान हो गए। कश्मीर में आतंकवादी लगातार हमला कर रहे हैं। यह देख विपक्ष भी सरकार पर हमलावर हैं। डोडा में आतंकवादियों के हमले पर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है।

डोडा मुठभेड़ में शहीद हुए सेना के पांच जवानों पर असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि पीएम मोदी कहते थे 'घर में घुस कर मारेंगे', तो फिर ये क्या है? ये सरकार की विफलता है। वो आतंकवाद पर काबू नहीं कर पा रहे हैं। जो भी हो डोडा में जो हुआ है वो बहुत खतरनाक है।

महाराष्ट्र के कोल्हापुर में मस्जिद गिराए जाने पर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि यह मस्जिद पर एक तरह का आतंकवादी हमला है। वहां (महाराष्ट्र) शिंदे-फडणवीस की बीजेपी सरकार है। सरकार की वजह से ही ऐसे हमले हो रहे हैं। इसको शिंदे-भाजपा सरकार द्वारा प्रोत्साहित किया जा रहा है। हम विश्वगुरु बनना चाहते हैं, लेकिन मस्जिद को ध्वस्त कर दें। यह जानबूझकर मुसलमानों और धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया जा रहा है।

# ई-रिक्शा/ऑटो चालकों को यातायात नियमों का पालन करने दी गई समझाईश



राजनांदगांव (दावा) पुलिस द्वारा यातायात कार्यालय में एक मिटिंग लेकर ई- रिक्शा व आटो चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई । बता दें कि इस संबंध में मंगलवार 16 जुलाई को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, अति0 पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन मुकेश ठाकुर के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार खेस, सउनि कुंजलाल साहू, शरद मसीह, येनलाल चन्द्राकर की उपस्थिति में शहर में यातायात का दबाव, ट्रैफिक जाम एवं प्रतिदिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर ई-रिक्शा, ऑटो चालकों का यातायात कार्यालय में मीटिंग लिया गया। जिसमें समस्त ई-रिक्शा, ऑटो चालकों को यूनिक नंबर लिखवाने, यातायात नियमों का पालन करने, चौक-चौराहों व बाजार के अंदर बेतरतीब वाहन नही खड़ी करने, क्षमता से अधिक सवारी नही बिठाने, शहर में निर्धारित पार्किंग स्थल में ही वाहन पार्किंग करने, प्रतिबंधित क्षेत्र में वाहन नही चलाने, चालक के बगल में सवारी नही बिठाने, रेड सिग्नल जम्प नहीं करने, शराब पीकर वाहन न चलाने, वाहन संबंधी सम्पूर्ण दस्तावेज पूर्ण कराने हिदायत दिया गया। साथ ही नये कानून के संबंध में ई-रिक्शा, ऑटो चालकों को बताया गया। यातायात पुलिस रसभी वाहन चालकों से अपील की है कि सभी यातायात नियमों का पालन करें, सड़क दुर्घटना से बचे एवं सुरक्षित रहें।

# पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा निःशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन

## उदयपुर के चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जाएगा

राजनांदगांव (दावा)। पूज्य सिंधी पंचायत हेमू कालानी नगर द्वारा 23 जुलाई से 27 जुलाई तक सिंधु भवन जी ई रोड में समाज स्तर पर निःशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कंचन सेवा संस्थान उदयपुर के दक्ष चिकित्सकों द्वारा बिना ऑपरेशन के प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा निःशुल्क इलाज किया जाएगा। पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मन्नूमल मोटलानी एवं वरिष्ठ सलाहकार अर्जुनदास पंजवानी, आवतराम तेजवानी एवं घनश्यामदास गंगवानी एवं बक्साराम अंदानी ने संयुक्त वक्तव्य में बताया कि इस शिविर में लगातार 5 दिनों तक कमर दर्द, घुटने दर्द, हड्डियों में कमजोरी, नींद का कम आना, खड़े रहने में दर्द, कमर का झुक जाना, मनके में गैप होना, घुटने में सूजन होना, पानी भर जाना, पालथी मारकर नहीं बैठ पाना, चलते समय दर्द होना, हड्डियों का घिसना इत्यादि बीमारियों का प्राकृतिक चिकित्सा से उदयपुर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक इलाज करेंगे, इस हेतु पूज्य पंचायत के महासचिव अमर लालवानी एवं मीडिया प्रभारी अर्जुन गंगवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चिकित्सकों द्वारा इलाज होगा, शिविर में महिला एवं पुरुषों की चिकित्सा की अलग-अलग व्यवस्था होगी, साथ ही उन्होंने चिकित्सा के लिए सभी आने वाले मरीज को ढीले कपड़े पहन कर आने एवं नैपकिन, तौलिया भी साथ में लाने का आवाहन किया। शिविर की तैयारी पूज्य पंचायत की व्यवस्था समिति द्वारा शुरू कर दी गई हैं एवं इस हेतु निशुल्क शिविर का रजिस्ट्रेशन भी शुरू हो चुका है।

# 42 महिलाओं को मौत के घाट उतारने वाले शख्स ने कबूला जुर्म, कोर्ट ने 30 दिनों की पुलिस हिरासत में भेजा

नैरोबी। केन्या में पत्नी सहित 42 महिलाओं को बेहरमी से मौत के घाट उतारने वाले शख्स ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर केन्या की अदालत के सामने पेश किया था। कोर्ट ने आरोपी को 30 दिनों के लिए पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया है।



पुलिस ने कहा है कि आरोपी ने 42 महिलाओं की हत्या करने और उनके टुकड़े-टुकड़े करने की बात कबूल की है। पुलिस ने बताया कि 33 वर्षीय आरोपी ने हत्या कर क्षत-विक्षत शवों को नैरोबी के कूड़े के ढेर में फेंकने की बात कबूल की है।

### एक अन्य महिला को लुभाने की कोशिश कर रहा था आरोपी

आरोपी की पहचान कोलिन्स जुमैसी खलुशा नाम से की गई है। उन्होंने बताया कि आरोपी को नैरोबी बार के पास से गिरफ्तार किया गया, जहां वह यूरो 2024 फुटबॉल फाइनल देख रहा था। पुलिस ने बताया जब उसको गिरफ्तार किया गया तब वह एक अन्य पीड़ित को लुभाने की कोशिश कर रहा था।

### प्लास्टिक की थैलियों में बंद 10 महिलाओं के शव मिले

पुलिस ने सोमवार की सुबह गिरफ्तार कर उसे नैरोबी में अदालत के सामने पेश किया। यहां से उसको पुलिस हिरासत में भेज दिया। केन्या नेशनल कमीशन ऑन ह्यूमन राइट्स के अनुसार, शुक्रवार से नैरोबी की एक झुग्गी बस्ती में एक खदान से प्लास्टिक की थैलियों में बंद 10 महिलाओं के शव निकाले गए।

### हत्या कर कूड़े के ढेर में फेंक देता था शव

आपराधिक जांच निदेशालय के प्रमुख मोहम्मद अमीन ने सोमवार को कहा कि कलुशा ने 2022 से दो साल की अवधि में 42 महिलाओं की हत्या करने की बात कबूल की है और इस दौरान उसने अपनी पत्नी की भी हत्या कर दी। उन्होंने आगे बताया कि संदिग्ध ने कबूल किया है कि उसने 42 महिलाओं को बहला-फुसलाकर लाया और उनकी हत्या कर दी और शवों को कूड़े के ढेर वाले जगह पर फेंक दिया।

### कई शवों की हुई पहचान

अमीन ने बताया कि जब जांच अधिकारी मौके पर पहुंचे तो वह वह किसी अन्य शिकार को अपने जाल में फंसाने की कोशिश कर रहा था। पुलिस के अनुसार, अब तक घटनास्थल से नौ शव बरामद किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक, शवों का पोस्टमार्टम सोमवार को किया जाएगा। वहीं, अभी तक आठ शवों के महिला होने की पुष्टि हुई है।

# नोटा माइसिन का हिसाब होते ही सफाई ठेका एमआईसी में पास -ओस्तवाल

राजनांदगांव(दावा)। शहर के पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने कहा है कि शहर की जनता को सफाई ठेके वाले लगभग जिन 27 वार्डो में नूरा कुश्ती का खेल सत्ताधारी निगम की महापौर और भाजपा के नेताओं के बीच खेला गया और सफाई ठेका हथियाने के लिए 15 दिनों तक ठेके वाले वार्ड की जनता को परेशान किया गया। उसका खामियाजा आगामी नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस को भुगतना पड़ेगा।



ओस्तवाल ने कहा कि चंद पैसों के लिए जिस तरह से निगम की एम.आई.सी में महापौर हेमा देशमुख के द्वारा सफाई ठेके के टेण्डर को निरस्त किया गया। इससे ऐसा लगता है कि, निगम की महापौर और उनके समर्थकों का नोटा माइसिन और सफाई ठेके का तालमेल बैठते ही टेंडर पास कर दिया गया। उन्होंने कहा कि महापौर द्वारा 15 दिनों पूर्व सफाई ठेके को नियमों का हवाला देते हुए निरस्त किया गया था और आज समाचार पत्रों में यह प्रकाशित हुआ है कि उक्त रद्द टेण्डर को वर्क आर्डर जारी करते हुए निगम के एम.आई.सी में पास किया गया।

श्री ओस्तवाल का कहना है कि नियम कानून को ताक में रखकर एम.आई.सी में ठेका फिर से कैसे पास किया गया, यह गंभीर जांच का विषय है। जिस तरह से कांग्रेस पार्टी का संस्कारधानी नगरी में दिन प्रतिदिन चंद स्वार्थ के चलते जो ग्राफ गिर रहा है। उसे यहां की जनता से देख रही है। इसका नुकसान निश्चित ही कांग्रेस को नगरीय निकाय के चुनाव में होगा। शहर की जनता निगम की महापौर और सफाई ठेका लेने वाले जनप्रतिनिधियों को निपटाकर रहेगी।







# रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प 22 जुलाई को

राजनांदगांव (दावा)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में 22 जुलाई 2024 को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

उप संचालक रोजगार ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में नवा किसान बॉयो प्लांटेक लिमिटेड तेलीबांधा रायपुर द्वारा सेल्स रिप्रेसेन्टेटिव, एग्रीकल्चर ऑफिसर केवल पुरूष एवं अलर्ट प्लेसमेंट सर्विस लालपुर रायपुर द्वारा वर्किंग पार्टनर, मार्केटिंग, एजेंट, सिक्योरिटी गार्ड, सर्वेयर, कम्प्यूटर ऑपरेटर तथा लक्ष्य बीमा सेवा केन्द्र खैरागढ़ द्वारा कम्प्यूटर ऑपरेटर, यूनिट मैनेजर, ग्रामीण वृत्तिक अभिकर्ता, अभिकर्ता के विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो, रोजगार पंजीयन कार्ड सहित मूल प्रमाण पत्र के साथ निर्धारित तिथि, समय एवं स्थल पर उपस्थित हो सकते है।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
2-3-4
148-3 467-7
राजधानी
7-8-9
445-3 134-8

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव
जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**ईश्तहार**

202407090800030

रा.मा.क्र. अ-19 (3) वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी/आम जनता को सूचित किया जाता है कार्यालय नगर पालिक निगम राजनांदगांव का पत्र क्रमांक 339/राजस्व/2024-25 राजनांदगांव दिनांक 02.07.2024 के अनुसार आयुक्त नगर पालिक निगम राजनांदगांव के माध्यम से शासकीय भूमि में निर्मित दुकान (निगम मद से) सरल क्रमांक 01 से 11 तक के दुकानों का आबंटन एक रूपये प्रति वर्गफिट की दर से शासकीय भूमि के आबंटन के संबंध में खसरा नबंर 287 रकबा 1.773 वार्ड क्र. 37 दुकान निर्मित स्थल का विवरण पुराना गंज मंडी बालोद रोड कुल निर्मित दुकान संख्या 12 निर्मित दुकान एरिया (वर्गफीट में) 7480 जांच हेतु प्राप्त हुआ है। उक्त प्रकरण में जांच हेतु इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त वर्णित भूमि को आवेदक को आबंटित किये जाने में जिस किसी को कोई आपत्ति, दावा प्रस्तुत करना हो तो वे पेशी दिनांक 19.7.24 तक लिखित में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव उक्त ईश्तहार आज दिनांक 04.07.24 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 04.07.24
सुनवाई दिनांक 19.07.24

तहसीलदार
राजनांदगांव (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव
जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**ईश्तहार**

202407090800031

रा.मा.क्र. अ-19 (3) वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी/आम जनता को सूचित किया जाता है कार्यालय नगर पालिक निगम राजनांदगांव का पत्र क्रमांक 339/राजस्व/2024-25 राजनांदगांव दिनांक 02.07.2024 के अनुसार आयुक्त नगर पालिक निगम राजनांदगांव के माध्यम से शासकीय भूमि में निर्मित दुकान (निगम मद से) सरल क्रमांक 01 से 11 तक के दुकानों का आबंटन एक रूपये प्रति वर्गफिट की दर से शासकीय भूमि के आबंटन के संबंध में खसरा नबंर 287 रकबा 1.773 वार्ड क्र. 37 दुकान निर्मित स्थल का विवरण पुराना गंज मंडी के सामने पुराना गंज मंडी भूमिगत कुल निर्मित दुकान संख्या 23,19 निर्मित दुकान एरिया (वर्गफीट में) 8475 जांच हेतु प्राप्त हुआ है। उक्त प्रकरण में जांच हेतु इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त वर्णित भूमि को आवेदक को आबंटित किये जाने में जिस किसी को कोई आपत्ति, दावा प्रस्तुत करना हो तो वे पेशी दिनांक 19.7.24 तक लिखित में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव उक्त ईश्तहार आज दिनांक 04.07.24 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 04.07.24
सुनवाई दिनांक 19.07.24

तहसीलदार
राजनांदगांव (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव
जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**ईश्तहार**

202407090800032

रा.मा.क्र. अ-19 (3) वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी/आम जनता को सूचित किया जाता है कार्यालय नगर पालिक निगम राजनांदगांव का पत्र क्रमांक 339/राजस्व/2024-25 राजनांदगांव दिनांक 02.07.2024 के अनुसार आयुक्त नगर पालिक निगम राजनांदगांव के माध्यम से शासकीय भूमि में निर्मित दुकान (निगम मद से) सरल क्रमांक 01 से 11 तक के दुकानों का आबंटन एक रूपये प्रति वर्गफिट की दर से शासकीय भूमि के आबंटन के संबंध में खसरा नबंर 102 रकबा 2.347 वार्ड क्र. 14 दुकान निर्मित स्थल का विवरण टांका घर के सामने भूतल, टांका घर के सामने प्रथम मंजिल कुल निर्मित दुकान संख्या 10,9 निर्मित दुकान एरिया (वर्गफीट में) 4200 जांच हेतु प्राप्त हुआ है। उक्त प्रकरण में जांच हेतु इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त वर्णित भूमि को आवेदक को आबंटित किये जाने में जिस किसी को कोई आपत्ति, दावा प्रस्तुत करना हो तो वे पेशी दिनांक 19.7.24 तक लिखित में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव उक्त ईश्तहार आज दिनांक 04.07.24 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 04.07.24
सुनवाई दिनांक 19.07.24

तहसीलदार
राजनांदगांव (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव
जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**ईश्तहार**

202407090800027

रा.मा.क्र. अ-19 (3) वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी/आम जनता को सूचित किया जाता है कार्यालय नगर पालिक निगम राजनांदगांव का पत्र क्रमांक 339/राजस्व/2024-25 राजनांदगांव दिनांक 02.07.2024 के अनुसार आयुक्त नगर पालिक निगम राजनांदगांव के माध्यम से शासकीय भूमि में निर्मित दुकान (निगम मद से) सरल क्रमांक 01 से 11 तक के दुकानों का आबंटन एक रूपये प्रति वर्गफिट की दर से शासकीय भूमि के आबंटन के संबंध में खसरा नबंर 283 रकबा 2.987 वार्ड क्र. 37 दुकान निर्मित स्थल का विवरण हाट बाजार भूतल, हाट बाजार प्रथम तल कुल निर्मित दुकान संख्या 20,20 निर्मित दुकान एरिया (वर्गफीट में) 7200 जांच हेतु प्राप्त हुआ है। उक्त प्रकरण में जांच हेतु इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त वर्णित भूमि को आवेदक को आबंटित किये जाने में जिस किसी को कोई आपत्ति, दावा प्रस्तुत करना हो तो वे पेशी दिनांक 19.7.24 तक लिखित में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव उक्त ईश्तहार आज दिनांक 04.07.24 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 04.07.24
सुनवाई दिनांक 19.07.24

तहसीलदार
राजनांदगांव (छ.ग.)

# बर्फानी आश्रम में दो दिवसीय गुरुपूर्णिमा महोत्सव 20 जुलाई से



○ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना
○ दो दिनों तक होगा गुरु की महिमा का गुणगान व हनुमान चालीसा पाठ

राजनांदगांव (दावा)। विश्व शांति एवं मानव सेवा के जनकल्याण के लिए समर्पित बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा देश के प्रसिद्ध संत श्रीश्री 1011 योगाधिराज ब्रम्हर्षि बर्फानी दादा जी की कृपा प्रेरणा आशीर्वाद से बर्फानी धाम में दो दिवसीय गुरुपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन 20 जुलाई शनिवार से आयोजित है। जिसमें बड़ी संख्या में गुरु परिवार के सदस्य व श्रद्धालु भक्तजनों पहुंचेंगे।

संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू' ने बताया कि अंचल सहित देशभर में पहचान बना चुकी गर्भगृह में विराजमान काली स्वरूपनी मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दस महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ की स्थापना गुरुदेव बर्फानी दादा के मार्गदर्शन व आशीर्वाद से की गई थी। जिसमें तीन लोकों में मां पाताल भैरवी, मां राज राजेश्वरी, त्रिपुर सुंदरी, दस महाविद्या, आदिदेव महादेव के साथ ही द्वादश ज्योर्तिलिंग की स्थापना की गई थी। इसके अलावा अंचल में सबसे बडे विशाल स्फटिक एवं पारद शिवलिंग को विराजित किया गया है। संस्था द्वारा अपने परमपूज्य गुरुदेव श्रीश्री 1011 योगाधिराज ब्रम्हर्षि बर्फानी दादा के चरण पूजन व गुरुपूर्णिमा महोत्सव के तहत आषाढ़ शुक्ल पक्ष चौदस 20 जुलाई शनिवार को संध्या 4 बजे से महिला मंडलियों के द्वारा संगीतमय सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ के साथ ही लोक कलाकारों के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं 21 जुलाई रविवार आषाढ़ शुक्ल पक्ष गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रातः 8 बजे से श्री गुरुदेव की पालकी व शोभायात्रा आश्रम परिसर में भ्रमण करने के पश्चात श्री बर्फानी दादा का गुरु परिवार के सदस्यों व भक्तों के द्वारा पंचामृत, गंगाजल, दुग्धाभिषेक व शुद्ध जल से अभिषेक कर श्रृंगार आदि कर पूजन व महाआरती उतारी जाएगी। तत्पश्चात प्रातः 10 संगीतमय भजन व हनुमान चालीसा के पाठ के साथ ही गुरुमहिमा का गुणगान किया जाएगा। संस्था द्वारा इस दो दिवसीय आयोजन की तैयारियों को लेकर समिति के सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। तैयारियों को अंतिम रूप देने में संस्था के अध्यक्ष राजेश मारु, उपाध्यक्ष दीपक जोशी, सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू', कोषाध्यक्ष नीलम जैन, महंत गोविंद दास, गुरुचरण सिंह छाबड़ा, महेन्द्र लुनिया, आलोक जोशी, सूरज जोशी, कुलबीर छाबड़ा, आलोक बिंदल, योगेन्द्र पांडे, कमलेश सिमनकर, संतोष खंडेलवाल, दामोदर अग्रवाल, लीलाधर सिंह, बलविंदर सिंह भाटिया, मनीष परमार, संजय खंडेलवाल एवं अन्य सदस्यगण सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

# श्री बागेश्वर धाम कांवड यात्रा 5 नदियों के जल से, तैयारी प्रारंभ

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी में पवित्र सावन माह को पूर्ण भक्तिभाव के साथ मनाने की तैयारी श्री बागेश्वर धाम उत्सव में भवन में की शिवभक्तों शिवसेवकों द्वारा की जा रही है। उक्त जानकारी देते हुए श्री बागेश्वर धाम मंदिर सेवक, पंकज गुप्ता, डॉ. मिथिलेश शर्मा, विजय गुप्ता, भावेश अग्रवाल (गंगई) सूरज गुप्ता ने बताया कि प्रति सवान सोमवार जो कि क्रमशः 22, 29 जुलाई 05, 12, 19 अगस्त को है।



## सोमवार कांवड यात्रा-रविवार शिव प्रभात फेरी, आयोजन प्रभारी घोषित

उसमें मोहारा में शिवनाथ नदी तट स्थित शिव मंदिर से प्रातः 6 बजे से कांवड़ यात्रा प्रारंभ होगी जिस हेतु नगर के समस्त शिवभक्तों से प्रातः 5 से 5:30 बजे तक श्री बागेश्वर धाम मंदिर पहुंचने का आग्रह है वहां से बस द्वारा शिवनाथ नदी जाकर, संगीतमय शिव भजनों (डी.जे.) के साथ कांवड़ यात्रा नगर में प्रति सोमवार विभिन्न मार्गो से निकलकर श्री बागेश्वर मंदिर पहुंचेगी। जहां पर शिवभक्तगणों द्वारा कांवड़ में पवित्र गंगा, यमुना, कावेरी, वैष्णोंदेवी व अयोध्या की पवित्र सरयू नदी का मिश्रित जल भगवान बागेश्वर महादेव शिव परिवार में अर्पित किया जावेगा। इसी तारतम्य में भगवान भोलेनाथ के पवित्र सावन माह के प्रति रविवार क्रमशः 21, 28 जुलाई, 04, 11, 18 अगस्त को नगर की प्रसिद्ध प्राचीन सिद्धपीठ माँ काली माई मंदिर भरकापारा से शिव प्रभातफेरी प्रातः 5:30 बजे मंदिर परिसर पहुंचकर ठीक 6 बजे निकाली जावेगी जो कि नगर के प्रमुख मंदिरों के दर्शन करते हुए वापस माँ काली मंदिर पहुंचेगी जिसमें उपस्थित भक्तों द्वारा भजन कीर्तन करते नगर भ्रमण किया जावेगा।

कांवड़ यात्रा प्रभारी - डॉ. डी.सी.जैन, राकेश ठाकुर, भावेश अग्रवाल (गंगई), कैलाशचंद गुप्ता, राजेश शर्मा, सोहनलाल गुप्ता, अमलेन्दू हाजरा, शरद गुप्ता, रामावतार जोशी, महेन्द्र लोधी, सौरभ खण्डेलवाल, सुमीत चौरसिया, रूपनारायण गुप्ता, हरीश भानुशाली, गणेश गुप्ता, मनीष यादव, अजय गुप्ता, विनय साहु, प्रतीक गुप्ता, विकास गुप्ता, सौरभ गुप्ता।

शिव प्रभात फेरी प्रभारी - डॉ. मिथिलेश शर्मा, रघु शर्मा, विजय गुप्ता, विष्णु अग्रवाल, सूरज गुप्ता, अभिषेक सेन, राहुल अग्रवाल, राज गुप्ता, हर्ष अग्रवाल, नादान सेन, संदीप सोनी, अभिजीत सोनी, निखिल मंगवानी। आदि नियुक्त किए गए हैं नगर के सभी श्रद्धालु भक्तगणों से श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट एवं समस्त शिवभक्तों द्वारा सावन मास के उक्त पूर्ण श्रद्धा भक्ति से परिपूर्ण धार्मिक आयोजन में अपनी उपस्थिति देकर शामिल होकर धर्म पूण्य लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

# सड़क परियोजना के अंतर्गत गांव पर खरीदी, बिक्री पर लगे रोक हटाने ग्रामीणों किसानों ने सांसद संतोष पाण्डेय से की मुलाकात



राजनांदगांव (दावा)। भारत माला सड़क परियोजना के अंतर्गत राजनादगांव विधानसभा के प्रभावित गांव भूमि अधिग्रहण के अंतर्गत आ रहे 17 गांव पर खरीदी, बिक्री, डायवर्सन पर पिछले डेढ़ साल से लगे रोक को हटाने के लिए ग्रामीणों किसानों के साथ राजनांदगांव निज निवास में सांसद संतोष पाण्डेय से मुलाकात कर समस्या रखी। जिस पर सांसद संतोष पाण्डेय ने किसानों के सामने एन.एच. के उच्च अधिकारियों से बात की। अधिकारियों ने जिला प्रशासन से बात कर एक हफ्ते के अंदर खरीदी बिक्री पर लगे रोक को हटाने का आश्वासन दिये। जिसमें मुख्य तौर पर मण्डल अध्यक्ष रोहित चन्द्राकर, मण्डल महामंत्री कृष्णा तिवारी सहित प्रभावित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के लिये गांधी सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज करेगे पौधा वितरण

राजनांदगांव (दावा)। पर्यावरण संरक्षण के लिये अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में एक पेड़ मॉ के नाम अभियान की शुरूवात की थी। इसी कड़ी में कल दिनांक 17 जुलाई को दोपहर 3 बजे गांधी सभागृह में नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह पौधों का वितरण करेंगे।

पौधा वितरण के संबंध में नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि शहर में हरियाली लाने वृहद रूप से वृक्षारोपण किया जा रहा है। वृक्षारोपण एवं उसके संरक्षण के लिये एक पेड मॉ के नाम अभियान भी शहर में चलाया जा रहा है, अभियान में शहरवासियों की सहभागिता के लिये कल आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डे, महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पौधा वितरण करेंगे। आयुक्त श्री गुप्ता ने कल दोपहर 3 बजे गांधी सभागृह में आयोजित पौधा वितरण कार्यक्रम में पार्षदों, नामांकित पार्षदों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकार बंधुओं एवं गणमान्य नागरिकों से उपस्थिति की अपील की है।

# मार्कफेड़ में कार्यरत कर्मचारियों को हो रहा शोषण, 4 माह से वेतन लंबित

खैरागढ़ (दावा)। पिछले 17 सालों से राज्य शासन द्वारा किसानों के समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मार्कफेड़ के अनियमित, दैनिक वेतन भोगी, जॉंबदर कम्प्यूटर आपरेटर, सहायक प्रोग्रामर का किया शोषण किया जा रहा है। राज्य शासन् द्वारा मार्कफेड़ के कर्मचारियों से सौतेला व्यवहार किया जाता रहा है।



खैरागढ़-छुईखदान, गंडई जिले मे मार्कफेड़ के खाद गोदाम, धान संग्रहण केंद्र एवं जिला कार्यालय में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी, अनियमित एवं जॉबदर कर्मचारियों का 3 से 4 माह का वेतन भुगतान नहीं किया गया है। जिसको लेकर मार्कफेड के अनियमित, दैनिक वेतन भोगी, एवं जॉबदर पर कार्यरत कर्मचारियों ने कलेक्टर जनदर्शन में केसीजी जिले के कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए लंबित वेतन भुगतान कराने का आग्रह किया है, जिसको लेकर कलेक्टर द्वारा तत्काल जिला विपणन अधिकारी चंद्रपाल दीवान से चर्चा किया गया, जिस पर जिला विपणन अधिकारी द्वारा जवाब दिया गया कि मुख्यालय स्तर से ही कर्मचारियों का वेतन लंबित है जिला का फंड समय पर नहीं आने की वजह से वेतन समय पर नहीं हो रहा है, ज्ञापन को कलेक्टर द्वारा तत्काल मार्कफेड एमडी रमेश शर्मा को व्हाटशाप कर केसीजी जिले के जिला विपणन अधिकारी के अधीनस्थ कार्यरत अनियमित दैनिक वेतन भोगी एवं जॉबदर कर्मचारियों का वेतन भुगतान तत्काल कराने हेतु अग्रेषित किया गया खैरागढ़, छुईखदान, गण्डई, जॉबदर कम्प्यूटर आंपरेटर एवं दैनिक वेतन भोगी अनियमित कर्मचारियों का 3 से 4 माह का वेतन भुगतान नहीं किया गया है जिसके चलते कर्मचारियों के परिवार भरण पोषण करने के लिये आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत किसी भी व्यक्ति द्वारा राशि की मांग करने पर की जा सकती है शिकायत



राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) केन्द्र एवं राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। जिसके तहत पात्र गरीब एवं आवासविहीन परिवारों को पक्का मकान निर्माण के लिए 1 लाख 30 हजार रूपए सहयोग राशि प्रदान की जाती है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत हितग्राहियों का चयन क्रियान्वयन सर्वे सूची के आधार पर किया जाता है। यदि किसी व्यक्ति द्वारा योजना अंतर्गत आवास स्वीकृति, जियो टैग या अपात्र हितग्राहियों को पात्र करने के लिए राशि की मांग की जाती है, तो इसकी शिकायत जनपद स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी के समक्ष कर सकते हैं। उन्होंने योजना अंतर्गत आगामी लक्ष्य को देखते हुए सभी जनपद सीईओ को समय-सीमा में आवास पूर्ण करने निर्देशित किया है। साथ ही समयाग्रस्त आवासों पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए अंतिम रूप से शेष बचे सभी आवासों को अविलंब पूर्ण करने कहा है।

# महापौर ने किया मोहारा जल संयंत्र गृह का निरीक्षण



**27 व 10 एम.एल.डी. फिल्टर प्लांट में स्काडा सिस्टम लगाने 4 दिन शाम पेयजल सप्लाई बाधित पर सुबह के समय पर्याप्त पेयजल सप्लाई के अधिकारियो को दिये निर्देश**

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव निगम सीमा क्षेत्रांतर्गत में सुचारू पेयजल सप्लाई के लिये जल संयंत्रगृह मोहरा के 27 एमएलडी फिल्टर प्लांट व 10 एम.एल.डी. फिल्टर प्लांट में पी.एल.सी. स्काडा सिस्टम लगाया जाना है, जिसके कारण 27 व 10 एमएलडी प्लांट से भरने वाली टंकी से 17 जुलाई से 20 जुलाई, चार दिन तक शाम की पेयजल सप्लाई नहीं हो पायेगी एवं सुबह की सप्लाई विलंब से होगी। साथ ही इंदिरा नगर टंकी से 17 व 18 को शाम की सप्लाई नहीं होगी तथा 17 को सुबह समय में व 18 को सुबह विलंब से पेयजल सप्लाई होगी। इस संबंध में आज महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने मोहारा फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कर एवं अपने कक्ष में बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि अमृत मिशन योजना के तहत निर्मित नये फिल्टर प्लांट में सुचारू पेयजल सप्लाई के लिये पी.एल.सी. स्काडा सिस्टम लगाया गया है, इसी कडी में 27 व 10एम.एल.डी. फिल्टर प्लांट में भी पी.एल.सी. स्काडा सिस्टम लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पी.एल.सी. स्काडा सिस्टम अत्याधुनिक तकनीक है, जिसमें कम मेनपावर से मशीनों का संचालन किया जाता है, इसमें वाटर लेबल के साथ साथ क्लोरिंग, ब्लीचिंग, एलम कितने मात्रा में डालना है, टंकी भरने की स्थिति ये सब कम्प्यूटराईज कार्य करता है। इसी सुविधा के विस्तार के लिये कल 17 जुलाई से कार्य किया जायेगा, जिस कारण 20 जुलाई तक शाम के समय पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी। 17 को सुबह समय में एवं 18 से 20 जुलाई तक सुबह विलंब से पेयजल सप्लाई होगी।

महापौर श्रीमती देशमुख ने इस संबंध में आज मोहारा फिल्टर प्लांट का निरीक्षक कर प्लांट के कर्मचारियों व अमृत मिशन के अधिकारी से चर्चा कर कार्य की जानकारी लेकर कहा कि समय में कार्य संपादित किया जाये, ताकि 4 दिनों बाद दोनों समय सुचारू पेयजल सप्लाई हो सके। उन्होंने अधिकारियों की भी बैठक लेकर आयुक्त अभिषेक गुप्ता से कहा कि प्लांट में लगाये जा रहे पी.एल.सी. स्काडा सिस्टम के लिये अधिकारी तैनात रहे और सुबह के समय पर्याप्त पेयजल सप्लाई हो, ताकि लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने नागरिकों से भी असुविधा के लिये खेद व्यक्त करते हुये सहयोग करने की अपील की है। इस अवसर पर जल विभाग के प्रभारी सदस्य सतीश मसीह, लोककर्म विभाग के प्रभारी सदस्य मधुकर वंजारी, राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य विनय झा, पार्षद अरविन्द्र वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि अवधेश प्रजापति, आसिफ अली व सचिन टुरहाटे, कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके सहित निगम व अमृत मिशन के अधिकारी उपस्थित थे।

# कांग्रेस ने पुलिस प्रताड़ना से आदिवासी युवक की हुई मौत पर जांच समिति का किया गठन

डोंगरगढ़ (दावा)। पशु क्रूरता मामले में आरोपी बनाए गए युवक की इलाज के दौरान हुई मौत एवं उसके पश्चात मृतक के खिलाफ की गई साजिश का खुलासा होने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस विधायक दल एवं वरिष्ठ नेताओं की एक जांच समिति बनाई है। समिति को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि, पुलिसिया प्रताड़ना से आदिवसी युवक की हुई मौत की जांच हेतु समिति का गठन किया गया है।

पुलिस पर आरोप लगाते हुए पत्र में आगे कहा गया है कि डोंगरगढ़ थानांतर्गत ग्राम बेलगांव निवासी आदिवासी युवक के खिलाफ सोशल मीडिया पर वायरल फेक न्यूज को आधार बनाकर स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा प्रताड़ित किये जाने से हुई मौत की घटना को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने विधायक इंद्रशाह मंडावी के नेतृत्व में छै-सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। समिति में इंद्रशाह मंडावी विधायक-मोहला मानपुर संयोजक, कुंवर सिंह निषाद सदस्य श्रीमती हर्षिता बघेल विधायक-डोंगरगढ़,विधायक-बिन्द्रानवागढ़ सदस्य, के.आर. शाह आदिवासी कांग्रेस सदस्य, भागवत साहू,जिला अध्यक्ष-राजनांदगांव सदस्य होंगे।जांच समिति के सदस्यों से कहा गया है कि, वे अविलंब प्रभावित गांव का दौरा कर मृत आदिवासी युवक के परिजनों तथा ग्रामवासियों से भेंट / चर्चा कर घटना की वस्तुस्थिति से अवगत होकर अपना प्रतिवेदन प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करें।

# अत्याधुनिक इंटरसेप्टर वाहन आते ही 38 वाहनों पर धड़ाधड़ कार्यवाही शुरू

## ट्रेफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों से 24700 रूपये का वसूले जुर्माना






राजनांदगांव (दावा)। शहर में अत्याधुनिक इंटरसेप्टर वाहन आते ही यातायात विभाग द्वारा ट्रैफिक नियम तोड़ने वालो पर धड़ाधड़ कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई के चलते यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों से 25 हजार रुपए के करीब जुर्माना वसूला गया।

बता दें कि मंगलवार 16 जुलाई को यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार खेस, सउनि येनलाल चन्द्राकर, कुंजलाल साहू, कमल किशोर श्रीवास्तव, थानेश्वर प्रसाद बांधव एवं यातायात टीम द्वारा पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा आबंटित नये इंटरसेप्टर वाहन से नेशनल हाईवे पर ओव्हर स्पीड, सीट बेल्ट, प्रेशर हार्न एवं पुलिस अधिकारी के आदेश के अवहेलना पर कुल 38 वाहनों पर कार्यवाही कर 24700 रूपये जुर्माना वसूला गया। बताया गया है कि यातायात विभाग की यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

इंटरसेप्टर वाहन की मदद से अब यातायात पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर लगातार कार्यवाही करेंगी। यातायात पुलिस ने लोगो से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करे, ओव्हर स्पीड एवं शराब सेवन कर वाहन न चलाएं। नियंत्रित गति में वाहन चलाये एवं सुरक्षित रहें।

# जुलाई माह में 6.25 प्रतिशत छुट का लाभ देने निगम में अवकाश के दिनों में भी राजस्व वसूली

राजनांदगांव (दावा)। शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली हेतु नगर निगम सुनियोजित अभियान चलाकर सम्पत्तिकर, समेकितकर, जलकर एवं दुकान किराया की वसूली की जा रही है। जुलाई माह में सम्पत्तिकर में 6.25 प्रतिशत छुट का लाभ देने निगम कार्यालय अवकाश के दिनों में भी निगम कार्यालय के राजस्व विभाग में चालू रहेगा।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली के लिये निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर राजस्व का अमला कार्यालय के साथ-साथ घर-घर जाकर सम्पत्तिकर, समेकितकर, जलकर एवं दुकान किराया की वसूली कर रही है। साथ ही जनवरी माह से शासन द्वारा निर्धारित छुट का लाभ लेने करदाताओं को समझाईस दी जा रही है।

इसी कडी में जुलाई माह में सम्पत्तिकर में 6.25 प्रतिशत छुट का लाभ देने अवकाश (दिनांक 17, 20, 21, 27 जुलाई 2024) के दिनों में राजस्व कार्यालय खुली रहेगी। जहॉ सम्पत्तिकर के अलावा जलकर, समेकितकर एवं दुकान किराया भी अदा कर सकते है।

अवकाश के दिनों में राजस्व वसूली हेतु राजस्व निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक एवं दुकान प्रभारी की ड्यूटी लगायी गयी है। आयुक्त श्री गुप्ता ने करदाताओं से जुलाई माह में सम्पत्तिकर का भुगतान कर 6.25 प्रतिशत छुट का लाभ लेने की अपील की है।

# अस्थायी कर्मचारियों को हटाकर उसी पद पर संविदा भर्ती पर हाई कोर्ट ने लगाई रोक



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय उर्जा विकास अभिकरण ने टेक्नीशियन के 586 पद पर संविदा भर्ती के लिए नया विज्ञापन जारी किया था। 30 तकनीकी कर्मचारियों ने इसे हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट के न्याय दृष्टांत का हवाला दिया था। मामले की सुनवाई जस्टिस सचिन सिंह राजपूत के सिंगल बेंच में हुई। प्रकरण की सुनवाई के बाद कोर्ट ने अक्षय उर्जा विकास अभिकरण के विज्ञापन पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने सभी पक्षकारों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने का निर्देश दिया है।

छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण के अंतर्गत टेक्नीशियन (संविदा) के पद हेतु आठ जुलाई 2024 को एक नया विज्ञापन जारी किया गया है। इसे चुनौती देते हुए बालोद जिले के किशोर कुमार साहू व आठ अन्य, बेमेतरा जिले से लीलाधर साहू व छह अन्य, राजनांदगांव जिले से मुकेश कुमार व 21 अन्य ने अधिवक्ता मतीन सिद्दीकी और नरेंद्र मेहेर के माध्यम से याचिका दायर कर इसे चुनौती दी। याचिकाकर्ताओं ने कहा है कि उनकी नियुक्ति टेक्नीशियन संविदा के पद पर की गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में रुचि की अभिव्यक्ति के अंतर्गत 586 कर्मचारी कार्यरत हैं। जिनका अनुबंध एक अप्रैल 2023 को निष्पादित किया गया था, जिसकी अवधि 31 मार्च 2024 को समाप्त हुई थी। लोकसभा चुनाव होने के कारण आचार संहिता लागू होने पर सेवाकर्ता इकाइयों के अनुबंध में मई 2024 तक की वृद्धि किए जाने का नीतिगत निर्णय लिया गया था। जिसके तहत सेवाकर्ता इकाइयों के कार्यादेश की अवधि में दो माह अर्थात मई 2024 तक वृद्धि करने का आदेश पारित किया गया था। याचिका के अनुसार उन सभी लोगों ने जून 2024 तक कुशलतापूर्वक कार्य किया है।

## सुप्रीम कोर्ट के न्याय दृष्टांत का दिया हवाला

याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट के न्याय दृष्टांत का हवाला देते हुए कहा है कि किसी भी संविदा कर्मचारी अथवा अस्थाई कर्मचारी को उन्हीं की जगह अन्य अस्थाई कर्मचारी रखने की शर्त पर कार्यमुक्त नहीं किया जा सकता। नियमित कर्मचारी नियुक्त किए जाने की स्थिति में ही हटाया जा सकता है। मामले की सुनवाई जस्टिस सचिन सिंह राजपूत के सिंगल बेंच में हुई। जस्टिस राजपूत ने छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण द्वारा टेक्नीशियन के पद पर भर्ती के लिए जारी विज्ञापन पर रोक लगा दिया है। कोर्ट ने सभी पक्षकारों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने का निर्देश दिया है।

## अनमोल दावा

> सबसे समझदार इंसान वहीं है, जो सफलता मिलने पर अहंकार में नहीं आता और असफलता में गम में नहीं डूब जाता है।

# लोकतंत्र में नहीं होनी चाहिए हिंसा की जगह

रिपब्लिकन पार्टी के कुछ नेताओं ने आरोप लगाया कि जो बाइडेन के भाषणों से ट्रंप पर हमला करने की शह मिली। यह हत्या का प्रयास था। हालांकि अमेरिका में यह पहली घटना नहीं है, जब किसी नेता पर जानलेवा हमला हुआ। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले के बाद स्वाभाविक ही वहां की सुरक्षा और खुफिया एजंसियों पर सवाल उठने लगे हैं। ट्रंप इस बार के राष्ट्रपति चुनाव में फिर से उम्मीदवार हैं। वे पेन्सिल्वेनिया के बटलर में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे कि एक युवक ने पास की एक छत से उन पर गोली दाग दी। गनीमत है कि निशाना चूक गया और गोली ट्रंप के दाहिने कान को चीरती हुई निकल गई। सुरक्षाकर्मियों ने हमलावर को वहीं ढेर कर दिया। राष्ट्रपति जो बाइडन ने घटना की सख्त निंदा की है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं है। मगर इस घटना के बाद राजनीतिक बयानबाजियां शुरू हो गई हैं।

रिपब्लिकन पार्टी के कुछ नेताओं ने आरोप लगाया कि जो बाइडेन के भाषणों से ट्रंप पर हमला करने की शह मिली। यह हत्या का प्रयास था। हालांकि अमेरिका में यह पहली घटना नहीं है, जब किसी नेता पर जानलेवा हमला हुआ। मगर दुनिया भर में सबसे सतर्क और चाक-चौबंद मानी जाने वाली अमेरिकी सुरक्षा प्रणाली पर सवाल इसलिए भी उठ रहे हैं कि ट्रंप पर हमला करने वाले के बारे में घटना से कुछ समय पहले सूचना दे दी गई थी। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया है कि हमलावर को पास के घर की छत पर स्पष्ट रूप से देखा गया था और उसने सुरक्षाकर्मियों को इसकी सूचना भी दी थी।

चूंकि अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की सरगर्मी है और ट्रंप की दावेदारी मजबूत मानी जा रही है, इस घटना को राजनीति के केंद्र में ला दिया गया है। कई विश्लेषक मानते हैं कि इस घटना से ट्रंप को सहानुभूति मिलेगी और उनकी दावेदारी और मजबूत होगी। हालांकि अमेरिका में मतदाताओं को इस तरह प्रभावित करना थोड़ा कठिन माना जाता है। अमेरिकी खुफिया एजंसी एफबीआइ अभी पता नहीं लगा सकी है कि हमलावर का उद्देश्य क्या था। उसका कहना है कि हमलावर ने अकेले हमले की योजना बनाई थी, उसका किसी अन्य समूह से कोई संबंध नहीं था, इसलिए उसके मकसद के बारे में जान पाना कठिन है। मगर अमेरिका में पिछले कुछ समय से जिस तरह का वातावरण बना है, उसमें युवाओं के भीतर पनपे हिंसक व्यवहार का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। पिछले चुनाव में जब ट्रंप चुनाव हारे थे, तब उनके समर्थक अमेरिकी संसद में घुस गए और वहां भारी तोड़-फोड़ की थी। वहां नस्लीय हिंसा और दूसरे देशों के नागरिकों के प्रति युवाओं में नफरत का जैसा मानस बना है, उससे वहां के वातावरण का अंदाजा लगाया जा सकता है। छिपी बात नहीं है कि अमेरिका में महंगाई और बेरोजगारी के कारण बहुत सारे युवाओं में नाराजगी है। इस कुंठा में कई युवा हिंसक बर्ताव करते देखे जाते हैं। हालांकि ट्रंप पर हमला करने वाले युवक ने उनके समर्थक के रूप में खुद को पंजीकृत कराया था, पर जब तक ठीक-ठीक पता नहीं चल जाता कि उसने उन पर हमला क्यों किया, तब तक कुछ भी दावे के साथ कहना मुश्किल है। मगर यह घटना अमेरिकी लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय इसलिए है कि ऐसी चुनावी हिंसा इससे पहले वहां नहीं देखी गई। अगर अमेरिकी युवाओं में ऐसी प्रवृत्ति पनप रही है, तो निस्संदेह इसे लेकर तुरंत सावधान हो जाने की जरूरत है। अच्छी बात है कि बाइडेन प्रशासन इस घटना की जांच में कोई राजनीतिक दुराग्रह नहीं दिखा रहा है।

# जगन्नाथ मंदिर के 'रत्न भंडार' का इतिहास, इसे वर्षों तक क्यों नहीं खोला गया

**संदीप साहू**

पुरी के विश्व प्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार में रखे रत्न अलंकारों की गिनती की प्रक्रिया पूरे 46 साल बाद 14 जुलाई से शुरू हो गई है. ये गणना आख़िरी बार वर्ष 1978 में हुई थी. 1978 के बाद भी दिसंबर 1982 और जुलाई 1985 में इस रत्न भंडार को बार खोला गया था. तब इसे आभूषणों की गिनती के लिए नहीं, बल्कि श्री जगन्नाथ के लिए आवश्यक कुछ आभूषण निकालने और मरम्मत करने के लिए खोला गया था.निर्धारित शुभ मुहूर्त के अनुसार, सोमवार दोपहर ठीक एक बजकर 28 मिनट पर, 11 सदस्यीय एक टीम आवश्यक सभी उपकरणों के साथ रत्न भंडार के अंदर गई.इसमें ओडिशा हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस विश्वनाथ रथ की अध्यक्षता में राज्य सरकार द्वारा बनाई गई कमिटी के दो सदस्यों के साथ ज़िला और मंदिर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और सेवादारों के प्रतिनिधि शामिल थे.

शाम के करीब पांच बजे टीम के बाहर निकलने के बाद श्री जगन्नाथ मंदिर के मुख्य प्रशासक डॉ अरविंद पाढ़ी ने पत्रकारों को बताया कि आज केवल बाहरी रत्न भंडार में जमा आभूषणों को मंदिर के अंदर बने अस्थायी स्ट्रॉन्ग रूम में स्थानांतरित किया गया और उसे सील कर चाबी जिला प्रशासन को हस्तांतरित कर दिया गया.

डॉ अरविंद पाढ़ी ने कहा कि ज़िला कोषागार में रखी गई चाबी से भीतरी रत्न भंडार में लगे तीन तालों को खोलने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं खुले.इसके बाद राज्य सरकार के नियमों के तहत मंदिर प्रशासन ने ताले तोड़े.प्रशासन को भंडार के भीतर कई संदूक और अलमारियां मिलीं लेकिन उन्हें खोला नहीं क्योंकि तब तक काफी देर हो चुकी थी और रविवार को ही सारे आभूषणों को स्थानांतरित करना संभव नहीं था.डॉ पाढ़ी बताते हैं, सोमवार को महाप्रभु का बाहुड़ा यात्रा (वापसी) है, जिसे सफल रूप से संपन्न करने के लिए ज़िला और मंदिर प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका है. इसलिए हम राज्य सरकार के साथ विचार-विमर्श के बाद भीतरी रत्न भंडार खोलने और वहां से सारे आभूषणों को अस्थायी स्ट्रॉन्ग रूम में लाने के लिए एक दिन और लगाएंगे.भीतरी रत्न भंडार में सबसे कीमती आभूषण रखे जाते हैं जबकि बाहरी रत्न भंडार में केवल उन आभूषणों को रखा जाता है जो रथ यात्रा और दूसरे महत्वपूर्ण अवसरों पर इस्तेमाल होते हैं.भीतरी रत्न भंडार से सारे आभूषणों को स्थानांतरित करने के बाद उनकी मरम्मत की जाएगी.मुख्य प्रशासक डॉ अरविंद पाढ़ी ने स्पष्ट किया कि रत्न भंडार के ढांचे की सुरक्षा सर्वोपरि है. उन्होंने कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा भीतरी रत्न भंडार के मरम्मत के बाद ही अस्थायी स्ट्रांग रूम में रखे गए आभूषणों को दोबारा अंदर लाया जाएगा और फिर उनकी गिनती होगी. जब उनसे पूछा गया कि गिनती की प्रक्रिया कब तक चलेगी, तो उन्होंने कहा कि इसके लिए कोई तारीख़ तय नहीं की गई है.



उस समय यह प्रक्रिया 13 मई, 1978 से शुरू होकर 23 जुलाई, 1978 यानी पूरे 70 दिन चली थी.लेकिन फिर भी पूरी तरह संपन्न नहीं हो पाई थी क्योंकि गिनती के लिए तिरुपति मंदिर समेत बाहर से बुलाए गए अलंकार विशेषज्ञ भी रत्न भंडार में रखे गए कई आभूषणों का सही आकलन नहीं कर पाए थे.लेकिन जिन आभूषणों की शिनाख्त और गिनती हो पाई थी, वह भी कुछ कम चौंकाने वाले नहीं थे.

रत्न भंडार में कुल 747 प्रकार के आभूषण मिले थे जिनमें 12,838 तोला सोने के गहने और 22,153 तोला चांदी के अलंकारों के अलावा कई हीरे, जवाहरात के कई बहुमूल्य आभूषण थे.ये आभूषण बीती कई सदियों में या तो प्रभु जगन्नाथ के भक्त राजा-महाराजाओं ने दान में दिए गए थे या फिर ओडिशा के राज-घरानों की तरफ़ से अन्य राज्यों के साथ युद्ध में विजय के बाद मिले थे.

इन बहुमूल्य आभूषणों को लूटने के लिए 15वीं से लेकर 18वीं सदी के बीच मंदिर पर कम से कम 15 बाहरी आक्रमण हुए, जिनमें से आखिरी आक्रमण बंगाल के एक तत्कालीन सेनापति मोहम्मद तकी ख़ान ने वर्ष 1731 में किया था. इन आक्रमणों में कई बहुमूल्य अलंकार लूट लिए गए. लेकिन इसके बावजूद रत्न भंडार की पुख्ता और जटिल सुरक्षा व्यवस्था के कारण ज्यादातर हीरे जवाहरात सुरक्षित रह गए.माना जाता है कि रत्न भंडार में हीरे, मोती, स्वर्ण और अन्य कई बहुमूल्य रत्न से बने बेशुमार आभूषण हैं जिनके मूल्य सैकड़ों करोड़ रुपयों में है. जानकारों के अनुसार, डिजिटल टेक्नोलॉजी में हुई प्रगति के कारण इस बार गिनती में शायद इतना समय न लगे. लेकिन इस प्रक्रिया को संपन्न करने में कितना समय लगेगा, यह कहना अभी मुश्किल है.रत्न भंडार के लिए बनाई गई कमिटी के अध्यक्ष जस्टिस विश्वनाथ रथ ने कहा है कि सारे आभूषणों की गिनती के साथ साथ उनके मानक तय किए जाएंगे और फिर उनका एक डिजिटल कैटलॉग बनाया जाएगा और वर्ष 1978 में रिकार्ड किए गए आभूषणों की सूची से उसकी तुलना करके यह देखा जाएगा कि सभी आभूषण मौजूद हैं या नहीं.

इस कानून में हर तीन साल में रत्न भंडार के खोले जाने और उसमें जमा आभूषणों की इन्वेंटरी बनाए जाने का प्रावधान है. इसके बावजूद पिछले 46 साल में क्यों किसी सरकार ने रत्न भंडार खोलने की पहल नहीं की, इसका जवाब किसी के पास नहीं है .रत्न भंडार को लेकर कई किंवदंतियां और अंधविश्वास इसका कारण हो सकते हैं.

कई सेवादारों का कहना है कि रत्न भंडार के अंदर जहरीले सांप हैं जो आभूषणों की हिफाज़त करते हैं. साल 1978 में आखिरी बार रत्न भंडार खोले जाने के कुछ ही महीने बाद तत्कालीन जनता पार्टी की सरकार गिर जाने के बाद कई नेता उसे रत्न भंडार खोले जाने से जोड़कर देखने लगे. यही कारण है कि इसके बाद सत्ता में आने वाली सरकारें इस दिशा में पहल करने से कतराती रहीं हैं.हालांकि साल 2018 में तत्कालीन नवीन पटनायक सरकार ने रत्न भंडार खोलने की पहल की थी. लेकिन वह पहल रत्न भंडार के ढांचे का जायज़ा लेने के लिए थी, न कि अलंकारों की इन्वेंटरी बनाने के लिए.गौरतलब है कि एएसआई ने साल 2018 में ही यह स्पष्ट कर दिया था कि रत्न भंडार की स्थिति बहुत ही नाजुक है. कई जगह पानी रिस रहा है और दीवारों पर छाले पड़ गए हैं. इसलिए उसकी मरम्मत की सख्त जरूरत है वरना रत्न भंडार किसी भी समय ढह सकता है.

ओडिशा हाई कोर्ट के निर्देश के अनुसार साल 2018 में राज्य सरकार ने रत्न भंडार का जायज़ा लेने के लिए एक टीम बनाई थी. लेकिन कमिटी अंदर नहीं जा पाई थी क्योंकि जिस चाबी के साथ टीम अंदर गई थी उससे भीतरी रत्न भंडार में लगे ताले खुले नहीं और कमिटी केवल बाहर से टॉर्च लाइट के जरिए ढांचे का जायज़ा लेकर वापस आ गई थी.उसी दिन से यह मामला हाई कोर्ट में लंबित था. पिछले मार्च में हाई कोर्ट के आदेश के अनुसार, तत्कालीन नवीन पटनायक सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस अरिजित पसायत की अध्यक्षता में एक कमिटी बनाई थी, जो रत्न भंडार की मरम्मत के साथ उसमें रखे गए आभूषणों की गिनती करने वाली थी. लेकिन चुनाव के बाद राज्य में मोहन माझी के नेतृत्व में बनी सरकार ने पुरानी कमिटी को भंग कर जस्टिस रथ की अध्यक्षता में नई कमिटी बनाई. राज्य में हाल ही में संपन्न विधान सभा चुनाव में रत्न भंडार की खोई हुई चाबी एक प्रमुख मुद्दा बना रहा। प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत सभी भाजपा नेताओं ने लगभग हर चुनावी सभा में इस मुद्दे पर नवीन पटनायक सरकार को घेरा. नवीन पटनायक के चहेते रहे वीके पांडियन का नाम लिए बिना पीएम मोदी ने तो यहां तक कह दिया था कि 'चाबी कहीं तमिलनाडु तो नहीं चली गई.' (पांडियन तमिलनाडु के निवासी हैं). उनका आशय यह था कि नवीन पटनायक की सरकार में रत्न भंडार से कई आभूषण गायब कर दिए गए हैं. लेकिन कटघरे में खड़ी नवीन पटनायक सरकार इन आरोपों का कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाई.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 206 : अभिषेक समारोह की सुरक्षा के लिए सरयू नदी में नौकाओं पर सवार जल रक्षक

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



उधर मंत्री सुमंत मध्य रात्रि में अपने रथ पर हैं और अयोध्या के अभिषेक स्थल, राजमार्गों समेत अन्य स्थानों की तैयारियों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं।

लोगों की भीड़ स्थान - स्थान पर मध्य रात्रि से ही एकत्र होने लगी है। अयोध्या नगरी में प्रवेश के मुख्य द्वार को जनपद निवासियों के लिए कल संध्या से ही खोल दिया गया है। जनपदवासी कल संध्या से ही अयोध्या पहुंचने लगे हैं।

अयोध्या के सेनापति शौर्यसेन भी सुमंत जी के साथ नगर के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर रहे हैं। मध्य रात्रि के बाद भी अनेक स्थानों पर अयोध्या के सैनिक चौकस रहकर सुरक्षा का कार्य कर रहे हैं।

''सेनापति जी! संभवतः यह अयोध्या के इतिहास में सबसे बड़ा आयोजन है। अतः कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की संभावना नहीं होनी चाहिए।'' सुमंत ने कहा।

''अवश्य मंत्री जी! नगर के मुख्य प्रवेश द्वार पर अत्यंत सावधानी रखी जा रही है। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को तत्काल रोक दिया जाता है। सरयू नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में विशेष सैन्य रक्षक नियुक्त हैं।कई सैन्य दल सरयू नदी में भी नौकाओं पर भ्रमण कर रहे हैं।'' शौर्य सेन ने जानकारी दी।

दोनों शीर्ष राज अधिकारियों ने अयोध्या नगरी के उन सभी संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया, जहां से शत्रु सैनिकों या गुप्तचरों के प्रवेश की थोड़ी सी भी संभावना हो सकती थी।

अभिषेक के लिए दूध के बड़े बर्तनों से युक्त बैलगाड़ियां अयोध्या के निकटवर्ती गांवों से अयोध्या की ओर आ रही हैं। एक रथ में राज उद्यान और पास के उपवन से चुने गए अगणित पुष्प रखे हुए हैं। यह रथ भी अभिषेक स्थल की ओर जा रहा है। रात्रि का दूसरा प्रहर व्यतीत होने वाला है। अभिषेक स्थल के विशाल प्रांगण में हलचल है।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने साथ ही उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कथा के तारतम्य, क्रमबद्धता एवं प्रवाह हेतु अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

# मुहर्रम का महत्व व मुहर्रम में सदका करना बेहद शुभ

इस्लाम धर्म के लोगों के लिए मुहर्रम का दिन बेहद खास होता है। इसे नए साल के रूप में मनाया जाता है। इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार मुहर्रम इस्लाम धर्म का पहला महीना होता है। इसे बकरीद के 20 दिनों के बाद मनाया जाता है। भारत में मुहर्रम मनाने की तारीख चांद निकलने पर तय की जाती है। ऐसे में हर साल इसकी तारीख बदलती है। इस्लामिक कैलेंडर अनुसार इस साल 7 जुलाई 2024 से मुहर्रम शुरू हो रहा है। वहीं आशूरा मनाने की तारीख 17 जुलाई है।

### मुहर्रम का महत्व

एक तरफ जहां मुहर्रम को नए साल के रूप में मनाया जाता है, वहीं इसे मातम का दिन भी माना जाता है। बता दें मुहर्रम की 10वीं तारीख को यौम-ए-आशूरा के नाम से जाना जाता है। इस्लामी मान्यताओं के अनुसार इस दिन हजरत इमाम हुसैन की शहादत हुई थी। हजरत इमाम हुसैन को इस्लाम धर्म का संस्थापक माना जाता है। वह हजरत मुहम्मद साहब के छोटे नवासे थे। ऐसे में हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मोहर्रम के 10वें दिन को लोग मातम के रूप में मनाते हैं, जिसे आशूरा कहा जाता है। वहीं कुछ लोग इस दिन इमाम हुसैन की शहादत की याद में जुलूस भी निकालते हैं।

### कब रखा जाता है रोजा

मुहर्रम को लेकर शिया और सुन्नी दोनों समुदाय की अलग-अलग मान्यताएं है। ये दोनों इस दिन को अलग-अलग तरीके से मनाते हैं। कहते हैं कि इस दिन रोजा रखने से अल्लाह खुश होते हैं और उनका आशीर्वाद बना रहता है। इस दौरान सुन्नी समुदाय के लोग 9 और 10 वीं तारीख को रोजा रखते हैं, तो वहीं शिया समुदाय के लोग 1 से 9 तारीख के बीच में रोजा रखते हैं।

### क्यों मनाया जाता है मुहर्रम?

इस्लाम धर्म के लोगों का प्रमुख त्योहार मुहर्रम को मनाने के पीछे ऐसा माना जाता है कि हजरत इमाम हुसैन अपने 72 साथियों के साथ मोहर्रम माह के 10वें दिन कर्बला के मैदान में शहीद हो गए थे। इसलिए उनकी शहादत और कुर्बानी के तौर पर, इस दिन को याद किया जाता है और जुलूस भी निकाले जाते हैं।

### कैसे मनाया जाता है मुहर्रम?

मुहर्रम के दिन शिया समुदाय के लोग इस दिन जुलूस निकालते हैं। दूसरी ओर सुन्नी समुदाय के कुछ लोग आशूर के दिन रोजा रखते हैं। ये दोनों समुदाय अपनी अपनी मान्यताओं के अनुसार इस दिन को मनाते हैं।

## पाठकों के पत्र

### एक गुजारिश वार्डवासियों से

प्रायः-प्रायः में लगातार देखता हूँ कि नगर निगम के सफाई कर्मचारी बंधू नालियों से कचरा निकालते है, तो उसमें प्लास्टिक, कांच की छोटी बड़ी बाटल, बड़ी छोटी पालीथिन, पेस्ट, खराब कपड़े, चीनी मिट्टी के बर्तन, रेत गिट्टी वगैरह फेंकते है। जिससे प्रायः नाली जाम हो जाती है, पानी रुकने से सड़न पैदा होती है, बीमारी फैलती है। अतः प्रिय वार्डवासियों से अपील करता हूँ कि सुखा कचरा, गील कचरा जो प्रातः महिलाएँ कंचन गार्ड, लेकर आती है। उसमें डाले क्योंकि नाली से कचरा निकालते समय कांच की बाटल, सफाई कर्मचारी को निकालने में परेशानी होती है, शहर आपका है, सुरक्षा की जिम्मेदारी हम सबकी है।

**नरेन्द्र तायवाड़े**

## सामयिक चर्चा

### राजनीति की बैसाखी

बानी बोले- ''यह खबर मुझे
बड़ी अच्छी लगी गजाधर भाई!
ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य
अविमुक्तिश्वरानन्द सरस्वती ने
दिल्ली के बुराड़ी स्थित हिरनकी में
''श्री केदारनाथ धाम'' नाम से
मंदिर के शिल्पन्यास के संदर्भ में
कही आपत्ति जताई।
उन्होंने कहा-''भगवान के हजार नाम है
किसी और नाम से मंदिर बनाएँ,
पूजा करें, जनता को भ्रम में न रखे!''
गजाधर! इस सवाल पर
कि क्या दिल्ली में
मंदिर के पीछे राजनीति है?''
शंकराचार्य जी ने कहा -
''वजह राजनीतिक है।''
फिर वे आगे कह रहे हैं-
''हमारे धर्म स्थानों में
राजनीति वाले प्रवेश कर रहे हैं।
केदारनाथ धाम में 228 किलो सोना
गायब कर दिया गया। और जॉच नहीं हुई।
इसके बाद शंकराचार्य जी ने
प्रश्नात्मक लहजे में कहा -
कौन है जिम्मेदार?
अब यह घोटाला कर लिया
तो दिल्ली में मंदिर बनाएंगे।
वहां दूसरा घोटाला करेंगे- कराएंगे।
हम यह बर्दाश्त नहीं कर सकते है''
गजाधर! इस पर आप क्या कहते हैं?''
गजाधर मुस्कराए बोले-''बानी! देखो
वैसे तो राजनीति में कुर्सी
बहुत दांव-पेंच के बाद मिलती है
पर धर्म की आड़ में, राजनीति में,
कुर्सीपाने में, इतनी कठिनाई नहीं होती है,
और नेताओं की मुझ मुद्रा,
नेताओं की तबीयत, जल्दी खिलती है।
बानी! अब इसके आगे और
क्या कहूँ यार!
जमाने ने तो तुम्हे अब,
खुद ही बना दिया है समझदार!''



**गिरीश बख्शी**

## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी दोस्त से बात-बात में ही आपको कोई अच्छा काम मिल सकता है। इससे आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी। आपके व्यवहार से लोग प्रभावित हो सकते हैं।जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं। बच्चों को भी साथ में ले जा सकते हैं।

**वृषभ** — आज का दिन फेबरेबल रहेगा। आपके जीवन में नई-नई खुशियां आयेंगी। जो बच्चे घर से दूर रहकर किसी कॉम्पिटिशन की तैयारी कर रहे हैं, उनका दिन बेहतर गुजरेगा। आपको शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को किसी काम के लिए प्रोत्साहन मिल सकता है। आपको धन लाभ होगा।

**मिथुन** — आज आपका दिन शुभ रहेगा। मित्रों के साथ रिश्ते पहले से बेहतर बनेंगे। घर में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करवा सकते हैं। संतान को करियर में कोई बड़ी सफलता मिल सकती है। आपको किसी काम से अच्छा लाभ मिलेगा। आपको नौकरी मिल सकती है। आज आपके व्यवहार से लोग प्रसन्न रहेंगे।

**कर्क** — आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको उचित समय की पहचान करनी होगी। सही समय पर किया कार्य आपको सफलता दिला सकता है। परिवार में स्थिति ठीक बनी रहेगी। बच्चों की किसी जरूरत को पूरा करने के लिए आपको अधिक पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं। आपका दोस्त आपको कोई काम करने के लिए कह सकता है।

**सिंह** — आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको अपने हर काम को तय समय में बांटकर करने की जरूरत है। अन्यथा आपके बहुत से काम अधूरे रह सकते हैं। समय सीमा को ध्यान में रखकर काम करने से चीज़ें अच्छे से पूरी होंगी और आप खुद पर भी ध्यान दे पायेंगे। घर का माहौल ठीक बना रहेगा। घर में किसी रिश्तेदार के आने की संभावना है।

**कन्या** — आज आपका दिन बहुत ही उत्तम रहेगा। आज आपकी विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आपको किसी बड़ी कंपनी से जॉब का बुलावा आ सकता है। आप सबको अपनी बातों से इम्प्रेस करने में सफल रहेंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उन्हें आज सफलता मिलेगी। साथ ही आपको खूब मान-सम्मान भी मिलेगा।

**तुला** — आज आपका दिन पहले से थोड़ा बेहतर हो सकता है। कार्यक्षेत्र में नई संभावनाओं को तलाश करने की कोशिश करेंगे। किसी काम के लिए कई दिनों से की जा रही मेहनत का फल आपको मिल सकता है। आपको अपने बच्चों से काम में सपोर्ट मिलेगा। संगीत से जुड़े लोगों को किसी अच्छे प्लेटफॉर्म पर जाने का अवसर मिल सकता है।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन उत्तम रहेगा। जीवनसाथी के सहयोग से आपको जीवन में आगे बढ़ने का रास्ता मिल सकता है। आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। किसी काम की नये सिरे से शुरुआत कर सकते हैं। आपके मन में नये-नये विचार आयेंगे। ऑफिस में सहयोगियों के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे।

**धनु** — आज आपका दिन शानदार रहेगा। कोई पुरानी बिजनेस डील आपको अचानक लाभ दिलवा सकती है। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। आपको समाज के कुछ अच्छे लोगों से जुड़ने का मौका मिलेगा। आप किसी सरकारी संस्था के काम में अपना सहयोग दे सकते हैं। आपको उस काम के लिए कोई सर्टिफिकेट भी मिल सकता है।

**मकर** — आज आपका दिन उत्तम बना रहेगा। अगर आप कोई बड़ी बिजनेस डील करने जा रहे हैं, तो आपको बहुत ही सोच-समझकर फैसले करने की जरूरत है। आपको किसी अनुभवी व्यक्ति की मदद जरूर लेनी चाहिए। आज आपको किसी सरकारी काम को पूरा करने में कुछ समय लग सकता है।

**कुंभ** — आज आपका दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज के दिन आप जो भी काम शुरु करेंगे, उसमें सफल जरूर रहेंगे। दोस्तों के साथ आज कहीं घूमने जाने का अवसर आपको मिलेगा। विदेश से नौकरी के लिए आपको कोई अच्छा ऑफर मिल सकता है। जो छात्र विज्ञान में रुचि रखते हैं, आज उनका दिन अच्छा रहेगा।

**मीन** — आज आपको जीवन में कुछ खास मौके मिल सकते हैं। आपको किसी ऐसे व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है, जो आपके काम की नई शुरुआत में आपकी मदद करेगा। आर्थिक स्तर पर आप मजबूत बने रहेंगे। आपकी कोई व्यवसायिक परियोजना पूरी हो सकती है। आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे।

# पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से किसान व छात्र परेशान

## बीते एक सप्ताह से राजस्व विभाग का कामकाज ठप



मोहला (दावा)। पटवारी संघ के प्रदेशव्यापी हड़ताल के आह्वान पर मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी तीनो विकासखण्ड तहसील के सभी पटवारी बीते एक सप्ताह से अनिश्चितकालीन हड़ताल में चले जाने से राजस्व का कामकाज पूरी तरह से ठप हो चुका है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र सहित किसान और छात्र-छात्राएं काफी परेशान हो रहे हैं। दरअसल पटवारी संघ अपनी 32 सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले 7 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए है। जिसके चलते सारे तहसीलों में राजस्व के सभी काम पूरी तरह से ठप हो चुके हैं। वहीं पटवारियों की हड़ताल से सबसे ज्यादा ग्रामीण क्षेत्र के किसानों, स्कूली छात्रों को परेशान होना पड़ रहा है। अपने जरूरी दस्तावेज बनाने के लिए किसान और स्कूली छात्र तहसीलों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन पटवारियों के नहीं होने से राजस्व का कामकाज पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि हड़ताल की जानकारी होने के बाद भी प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की है, जिसके चलते दस्तखत से लेकर सीमांकन, नामांतरण, आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज नहीं बन पा रहा हैं वही

पटवारियों के हड़ताल पर जाने से खासकर राजस्व विभाग का कामकाज पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है। हालांकि तहसीलदारों का कहना है कि कोशिश की जा रही है कि ग्रामीण अंचलों से जरूरी दस्तावेज बनाने तहसील पहुंच रहे ग्रामीणों को यहां से निराश ना जाना पड़े, लेकिन पटवारियों के हड़ताल पर जाने से जरूर तहसीलों में ग्रामीणों का सही समय पर काम नहीं हो पा रहा है, जिससे दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर पर पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष लखन लाल सोरी, सचिव लिब्बन एक्का, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र पौसार्य, सहसचिव गायत्री नेताम सहित जिले के समस्त पटवारी मौजूद है।

# एक महीने से बंद पड़ा है एटीएम : व्यापारियों ने रेलवे अधिकारियों की साजिश बताया

डोंगरगढ़(दावा)। रेलवे बुकिंग ऑफिस परिसर में स्थित एटीएम विगत एक माह से निर्माण कार्य के नाम से बंद कर दिया गया है। व्यापारियों ने सीधा आरोप लगाया है कि रेलवे के अधिकारी जानबूझकर एटीएम को बंद रखे हैं। ताकि रेलवे क्षेत्र में व्यापार करने वाले व्यापारियों का व्यापार प्रभावित हो सके। इसके पूर्व शहर के दो भागों को जोड़ने वाला बुधवारी स्थित अंडर ब्रिज मार्ग को भी विगत कई वर्षों से बंद कर दिया गया है।इसके निर्माण में नगर पालिका परिषद द्वारा 35 लाख रुपए से अधिक की राशि खर्च की जा चुकी है। ताकि आम लोगों को यातायात में सुविधा मिल सके और रेलवे चौक के व्यापारियों का व्यापार फल फूल सके।



## रेलवे चौक के व्यापारियों का व्यापार हो रहा है प्रभावित

## ज्वलंत समस्याओं का कोई सुध लेने वाला नहीं - व्यापारी

रेल अधिकारियों द्वारा रेलवे चौक के व्यापारियों पर प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष दबाव बनाने के उद्देश्य से लगातार कोई ना कोई प्रपंच किया जा रहा है। पूर्व में डोंगरगढ़ शहर स्थित बुधवारी को कालका पारा से जोड़ने वाले अंडर ब्रिज मार्ग को सुरक्षा कारणों का हवाला देकर विगत कई वर्षों से बंद कर दिया गया। अब रेलवे चौक क्षेत्र में स्थित एकमात्र एटीएम को भी विगत एक माह से साजिश के तहत बंद रखा गया है। उक्त आरोप लगाते हुए व्यापारियों ने कहा है कि, ज्वलंत समस्याओं का कोई सुध लेने वाला नही है। आम जनता भटक रही रूपया निकालने और तो और ट्रेन की टिकिट लेने के लिए भी आमजन रुपया नहीं निकाल सकते। जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौन अवस्था में है। अब देखना ये है कि कितने दिन में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की आंख खुलती है।

# पहला कॉलम...

## इतवारी-टाटानगर, एक्सप्रेस अपने निर्धारित समयानुसार टाटानगर तक चलेगी



डोंगरगढ़(दावा)।यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये मंडल के अकलतराङ्गनैला सेक्शन में साइडिंग कनेक्टिविटी व ऑटो सिग्नलिंग कार्य के कारण दिनांक 17 जुलाई 2024 को बिलासपुर-टाटानगर के मध्य रद्द की गई गाड़ी संख्या 18110 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-टाटानगर, एक्सप्रेस को टाटानगर तक चलाने का निर्णय लिया गया है। इस प्रकार यह गाड़ी 17 जुलाई 2024 को अपने निर्धारित समयानुसार नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी से टाटानगर तक चलेगी।

## कोकपुर में मना शाला प्रवेश उत्सव



डोंगरगांव (दावा)। कोकपुर हायर सेकेंडरी शाला और मिडिल स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया, इस दौरान सरस्वती सायकल योजना की साइकिल छात्राओं को वितरित किया गया और इको क्लब के तत्वावधान में पौधरोपण किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जागृति चुन्नी यदु जिला पंचायत सभापति शामिल हुई वहीं मुकेश सिन्हा शाला विकास समिति मिडिल स्कूल कोकपूर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर कोकपुर प्राचार्य के आर.सोरी, प्रधानपाठक मनोज ठाकुर सहित व्याख्याता शैलेंद्र यदु, अश्वनी क्षीरसागर, लता सोनी, दीपक राजपूत, प्रियंका रामटेके आदि उपस्थित रहे।

## ग्राम ढाबा में एक पेड़ मां के नाम शाला परिसर में किया वृक्षारोपण, संकल्प भी लिया

### ग्राम के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने लिया हिस्सा



गंडई पंडरिया (दावा)। नगर के नजदीकी ग्राम ढाबा के शासकीय हाईस्कूल ढाबा में एक पेड़ मां के नाम पर लगाया गया, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष बोधराज देवांगन ने बताया कि शासन प्रशासन के द्वारा स्कूल प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम लगाने का निर्देश प्राप्त हुआ था, इस निर्देश के तहत स्कूल प्रांगण में पौधारोपण किया गया, जिसमें छायादार, फलदार एवं औषधियुक्त पौधे का रोपण किया गया और लगाए गए पौधे की सतत देखभाल करने का संकल्प भी लिया गया है। इस अवसर पर शाला प्रबन्ध विकास समिति के अध्यक्ष बोधराज देवांगन, हेमंत वर्मा पूर्व सरपंच, लेखन वर्मा, टीकेंद्र धुर्वे, सीतालाल पटेल, मिलऊ वर्मा, किशन चंद जैन, पुरन वर्मा, दानिदास, शिक्षिकाएं नीलम नेताम, रमा बघेल, चित्रलेखा जैन, दूलेश्वरी नेताम, सहित छात्र-छात्राएं एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में गणवेश वितरण



नागतराई (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक शाला नागतराई मे सोमवार को शिक्षा के अधिकार के तहत अध्ययन करने वाले भैया बहनो को नोडल अधिकारी श्रीमती कालिंदी तिवारी (प्राचार्य शास.उच्च.मा. शाला, बेलगांव) के कर कमलों से गणवेश एवं पाठ्य समग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था के व्यवस्थापक पूरनलाल पटेल एवं संस्थापक सदस्य पूर्व सरपंच भुवन दास वर्मा एवं प्रधान आचार्य ए.आर.पटेल एवं आचार्य दीदीयां व पालक उपस्थित थे। सभी बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने सड़कों के निर्माण हेतु डिप्टी सीएम से की मुलाकात



घुमका (दावा)। घुमका क्षेत्र की सड़कों को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव से मंगलवार को अटल नगर रायपुर के महानदी भवन पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल के नेतृत्व में मुलाकात कर क्षेत्र के प्रस्तावित सड़कें गोपालपुर से घुमका बोटेपार से खजरी, बहेराभांठा से माला डबरी मार्ग प्रशासनिक स्वीकृति की राशि को जारी कर क्षेत्र के उक्त सड़कों को अतिशीघ्र निर्माण करने आवेदन दिए।

पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल ने बताया कि उक्त सड़कों के लिए जारी पत्र क्रमांक एफ 17--362/2022/19 तक 2 नवा रायपुर 22 सितंबर 2023 को घुमका से गोपालपुर 3.90 किलोमीटर के लिए 656.22 लाख रूपये बहेराभांठा से मालाडबरी 2.60 किलोमीटर के लिए राशि 362.88 लाख, खजरी से बोटेपार 2.60 किलोमीटर के लिए प्रशासनिक स्वीकृति 316.53 लाख रूपये स्वीकृत किया गया था किंतु अब तक स्वीकृत राशि का आवंटन नहीं हो सका जिसके कारण उक्त सड़कों पर आवागमन करने वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के उक्त सड़कों का निर्माण किया जाना नितांत आवश्यक है।

ग्रामीणों की मांग पर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर चुकी है, किंतु सरकार बदल जाने के बाद अब तक राशि का आवंटन नहीं हो सका है, जिसके कारण सड़कों का निर्माण रुका हुआ है। शीघ्र ही राशि आवंटित कर उक्त सड़कों का निर्माण करने की मांग की।

पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री व लोक निर्माण मंत्री अरुण साव से मुलाकात करने क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सलोनी सरपंच रतन यादव, पूर्व जनपद सदस्य पटेवा सरपंच मिथलेश साहू, चंद्रेश वर्मा, मुरमुन्दा सरपंच कल्पना साहू, बिरेझर सरपंच पार्वती साहू, पीयूष दुबे, जयकुमार वर्मा, उमराव वर्मा, खेमचंद, दीपक, पप्पू वर्मा, मंथिर साहू, खेमन साहू, राजेश वर्मा ने पत्र के हवाले से मंगलवार को आवेदन सौपा गया है।

ज्ञापन सौपने वाले जनप्रतिनिधियों ने कहा उप मुख्यमंत्री व लोकनिर्माण मंत्री ने उक्त प्रशासनिक स्वीकृति वाले सड़कों के लिए राशि का आवंटन कर शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू किये जाने का आश्वासन दिए हैं। पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल ने कहा कि 1 माह के भीतर उक्त प्रशासनिक स्वीकृति वाले सड़कों का निर्माण नहीं किया गया तो क्षेत्रवासियों के साथ आंदोलन किया जाएगा।

# जिले में 160 शिक्षकों का हुआ प्रमोशन

## छत्तीसगढ़ प्रधान पाठक मंच ने पदोन्नत शिक्षकों को दी बधाई

छुरिया (दावा)। जिले के 160 सहायक शिक्षक एलबी को पदोन्नत कर प्राथमिक शालाओं में प्रधान पाठक बनाए गए है। उक्त पदोन्नति जिला शिक्षा विभाग द्वारा की गई है।

छत्तीसगढ़ प्रधान पाठक मंच के प्रदेशाध्यक्ष जाकेश साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र तिवारी, प्रदेश महामंत्री प्रमोद कुंभकार, राजेश बघेल, राजीव टेमरे, जिलाध्यक्ष चेतन चंदेल, ब्लाक अध्यक्ष छुरिया कोमल सिंह गुरु, देवनारायण साहू, धननाथ मरकाम, राजेंद्र साहू, हेमलाल सहारे आदि ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जिले में प्राथमिक प्रधान पाठक के लगभग 160 पद विगत डेढ़ सालो से रिक्त थे। संगठन ने रिक्त पदों पर पूर्ति की मांग शासन प्रशासन से किया था तथा इसके लिए संघ ने मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष डा.रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह आदि को पत्र लिखा था।

संगठन की मांग पर जिला शिक्षा विभाग द्वारा जिले के 160 सहायक शिक्षक एलबी को पदोन्नति दी गई है। सभी शिक्षकों की काउंसलिंग के माध्यम पोस्टिंग की जाएगी। छत्तीसगढ़ प्रधान पाठक मंच ने नवपदोन्नत सभी प्रधान पाठकों को संगठन की ओर से बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना व्यक्त की है।

# हमर हरियर डोंगरगांव अभियान में साहू समाज ने दिया योगदान



डोंगरगाव (दावा)। वृक्षारोपण कर डोगरगांव नगर सहित पूरे विकास खंड को हरा भरा रखने प्रारंभ की गई हमर हरिहर डोंगरगाव अभियान के तहत तहसील साहू संघ डोंगरगांव ने गत दिवस हरियर अभियान के तहत कर्मा भवन परिसर एवं आसपास वृहद वृक्षारोपण कर योगदान दिया। वृक्षारोपण के तहत बरगद, पीपल, आंवला, गुलमोहर, रीठा, आम, नीम मीठा नीम आदि पौधे का रोपण किया गया। समाज द्वारा इस पौध रोपण के साथ ही साथ उनकी सुरक्षा की भी जिम्मेदारी सामाजिक पदाधिकारियों को दी गई। विदित हो कि साहू समाज द्वारा विगत पांच वर्षो से हरियर अभियान के नाम से जिले भर मे सभी इकाई द्वारा इसे उत्साह पूर्वक करते आ रहे है। इकाई पदाधिकारी द्वारा लगाए जाने वाले पौधे की संपूर्ण देखभाल की जिम्मेदारी लिया जाता है।

वृक्षारोपण कार्यक्रम मे तहसील साहू संघ डोंगरगांव के पदाधिकारीगण संरक्षक अमरनाथ साहू, अध्यक्ष हेमंत साहू, सचिव धनराज साहू, कोषाध्यक्ष रामप्रकाश साहू, उपाध्यक्ष शिवराम साहू, संयोजक मूलचंद साहू, सहसंयोजक गणेश साहू, हिरदे राम साहू, अंकेक्षक डॉ. प्रेमदास साहू, प्रशासनिक सचिव लविंद्र साव, दयालू साहू, प्रवक्ता पुरुषोत्तम साहू, न्याय प्रकोष्ठ संयोजक सुंदर लाल साहू, तहसील साहू संघ छुरिया के सचिव ज्ञानचंद साहू, नगर साहू संघ डोंगरगांव के संरक्षक श्रीमति इन्दु साहू, अध्यक्ष कौशल साहू, सचिव नारायण साहू, कुमर्दा परिक्षेत्र अध्यक्ष देवेंद्र साहू, किशन साहू, मटिया अध्यक्ष नामदेव साहू, पुरुषोत्तम साहू, रज्जा राणा व मिडिया संयोजक घनश्याम साव सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन सम्मिलित हुए।

# हाईस्कूल टोलागांव में 48 नि:शुल्क साइकिल वितरण एवं शाला पदाधिकारी की शपथ ग्रहण में सम्मिलित हुए घम्मन साहू



खैरागढ़ (दावा)। शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टोलागांव में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम एवं शाला पदाधिकारी की शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि घम्मन साहू जिला अध्यक्ष भाजपा व सभापति जिला पंचायत राजनंदगांव के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज साहू सरपंच टोलागांव, विशेष अतिथि विष्णु दास साहू अध्यक्ष समिति टोला गांव व गांव के वरिष्ठ नागरिक गण समिति के सदस्य की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि घम्मन साहू ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा निःशुल्क साइकिल वितरण के लिए छत्तीसगढ़ शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए, सभी बच्चों को शिक्षक के प्रति जागरूक होकर तन मन से पढ़ाई कर अपने भविष्य उज्जवल बनाने का आग्रह करते हुए साला के सभी पदाधिकारी को भी उनके अधिकार व दायित्व के बारे में बताते हुए, अपने अधिकार से साल के विकास एवं अनुशासन को बनाए रखना की अपील करते हुए स्कूल के शौचालय के लिए, ढाई लाख रुपए हाईस्कूल में वाटर फिल्टर, पूर्व माध्यमिक शाला में वाटर फिल्टर दोनों स्कूल के लिए अपने निधि से 50-50 हजार रुपए की घोषणा करते हुए शाला विकास समिति द्वारा पूर्व माध्यमिक शाला के लिए अतिरिक्त शिक्षक की मांग के जाने पर घम्मन साहू ने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द पूर्व माध्यमिक शाला टोलागांव के लिए शिक्षक की व्यवस्था कर लिया जाएगा।

इस अवसर पर हाईस्कूल के प्राचार्य डीके साहू द्वारा स्वागत व आभार व्यक्त करते हुए अतिथियों के प्रति कृतज्ञ अर्पित किया गया। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के सदस्य संतराम साहू, ओम प्रकाश साहू, भक्तु दास साहू, खिलेश साहू, सूरज साहू, परशुराम साहू, मन बहल साहू, पूर्व सरपंच दुलारी धुर्वे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन व छात्र छात्राएं उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों की ली बैठक




मोहला (दावा)। कलेक्टर एस.जयवर्धन एवं पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कानून व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, खनिज विभाग, आबकारी विभाग सहित लोक निर्माण विभाग एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर एस.जयवर्धन ने अधिकारियों से कहा कि जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए सभी अधिकारी संवेदनशीलता एवं पूर्ण जवाबदेही के साथ दायित्व निर्वहन करना सुनिश्चित करें। बैठक में विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा किया गया। इस संबंध में प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निर्णय लिया गया। राजस्व एवं पुलिस विभाग को संयुक्त प्रयास करते हुए जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। खनिज विभाग के अधिकारियों को नियमित रूप से अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन पर कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं। अवैध खनिज का परिवहन व भंडारण करने वाले व्यक्तियों एवं सम्बंधित ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव पर नियमानुसार कार्यवाही किए जाने के संबंध में चर्चा किया गया। राजस्व व खनिज विभाग को समन्वय स्थापित करें। अवैध रेत परिवहन, उत्खनन के प्रकरणों पर कार्यवाही करने कहा गया है। जिले में आगामी समय में होने वाले विभिन्न धरना प्रदर्शन, रैली, जुलूस एवं अन्य गतिविधियों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इस संबंध में पूर्वानुमान लगाकर आवश्यक कार्रवाई के लिए तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं। कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए संदिग्ध क्षेत्र पर नियमित रूप से भ्रमण एवं निरीक्षण किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। क्षेत्र की जनता की किसी प्रकार की मांग व विवाद की स्थिति में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम वासियों से संपर्क स्थापित कर समाधान करने कहा गया है। ग्रामीणों की मांग व उनकी शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुनने एवं संवेदनशीलता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए गये हैं।

क्षेत्र में संचालित अवैध गतिविधियों पर नजर रखने एवं निरंतर आवश्यक कार्रवाई करने कहा गया है। वन विभाग की भूमि पर किये जा रहे अतिक्रमण को हटाए जाने के संबंध में भी कार्रवाई करने कहा गया है। वर्षा ऋतु में बाढ़ प्रभावित व जल भराव की संभावना वाले मार्गों का चिन्हांकन कर संबंधित निर्माण एजेंसी विभाग को सूचित कर आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है। दुर्घटना जन्य क्षेत्र की पहचान कर प्रभावी नियंत्रण के लिए कार्ययोजना बनाने कहा गया है। सामाजिक, राजनीतिक संगठनों की विभिन्न गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। रेत माफिया भू-माफिया एवं अन्य संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान एवं उससे संबंधित जानकारियां की फाइल बना कर रखने कहा गया है। जिले में शराब दुकान संचालन के संबंध में आबकारी विभाग को आवश्यक कार्रवाई किये जाने के संबंध में चर्चा किया गया। शराब दुकान में लगे अहाता में कचरा प्रबंधन के लिए समुचित उपाय करने के निर्देश दिए गए हैं। बरसात के दिनों में क्षतिग्रस्त सड़कों की बदहाल स्थिति को संवेदनशीलता से लेते हुए शीघ्र ही मरमत कार्य पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए गए हैं। क्षतिग्रस्त सड़कों का शीघ्र मरम्मत नहीं किये जाने एवं किसी प्रकार की दुर्घटना होने की स्थिति में विभागीय अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह ने जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए कानून के अनुसार नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

# कल शासकीय हाईस्कूल गोटाटोला में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

मोहला (दावा)। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कल 18 जुलाई को शासकीय हाईस्कूल गोटाटोला में मनाया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार दोपहर 12:00 बजे यह प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा। जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत गोटाटोला श्रीमती शांता बाई कलामें करेंगी। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक मोहला-मानपुर इंद्रशाह मंडावी उपस्थित रहेंगे।

# पहला कॉलम...

## शादी के बंधन में बंधे क्रिकेटर चेतन सकारिया



नई दिल्ली। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज चेतन सकारिया ने अपनी जिंदगी की नई पारी का आगाज कर लिया है। भारत को इस महीने श्रीलंका का दौरा करना है, जिससे पहले चेतन ने अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड मेघना जामबूचा के साथ शादी रचा ली। भारतीय पेसर ने पिछले साल दिसंबर में मेघना से सगाई की थी और अब उन्होंने शादी कर ली है। उन्हें शादी की बधाई उनके साथी खिलाड़ी जयदेव उनादकट ने भी दी, जिसकी फोटो उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की। दरअसल, भारतीय टीम के तेज गेंदबाज चेतन सकारिया को शादी की बधाई जयदेव उनादकट ने दी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर लिखा कि प्रिय चेतन, करियर के शुरुआत से ही मैंने आपको कुछ शानदार स्पेल डालते हुए और मैच जिताते हुए देखा है, लेकिन जाहिर तौर पर यह आपकी ज़िंदगी का सबसे लंबा और अहम स्पेल होगा। मैं आपको दोनों के लिए खुशियों से भरी संगति का कामना करता हूं।

## एसबीआई ने एमसीएलआर 0.10 प्रतिशत बढ़ाई

नई दिल्ली। मुंबई देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपनी बेंचमार्क सीमांत लागत ऋण दर (एमसीएलआर) में 0.05 प्रतिशत से 0.10 प्रतिशत तक की वृद्धि कर दी। बैंक के इस कदम से एमसीएलआर आधारित ऋणों की ब्याज दरों में भी इजाफा होगा। एक महीने के ऋण पर एमसीएलआर 0.05 प्रतिशत बढ़कर 8.35 प्रतिशत हो गई है। तीन महीने की अवधि के ऋणा पर यह 0.10 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 8.40 फीसदी पर है। छह महीने, एक साल और दो साल के ऋण के लिए एमसीएलआर 0.10 प्रतिशत बढ़ाकर क्रमशः 8.75 प्रतिशत, 8.85 प्रतिशत और 8.95 प्रतिशत कर दी गई है। तीन साल के ऋण के लिए एमसीएलआर में 0.05 फीसदी की वृद्धि हुई है और यह अब 9 प्रतिशत होगी। इससे पहले जून में भी एसबीआई ने एमसीएलआर में 0.10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। एमसीएलआर न्यूनतम ब्याज दर है जिससे कम पर बैंक ऋण नहीं दे सकता। ज्यादातर कॉर्पोरेट ऋण एमसीएलआर आधारित होते हैं जबकि खुदरा ऋण रेपो दर पर आधारित होते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने इस साल फरवरी से रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। आम तौर पर ब्याज दरों के मामले में दूसरे बैंक एसबीआई का अनुसरण करते हैं। इस कारण अब दूसरे बैंकों के कर्ज भी महंगे होने की संभावना है।

## शेयर बाजार में तेजी

मुंबई। अगले सप्ताह पेश होने वाले बजट से पहले मंगलवार को भारतीय बेंचमार्क सूचकांक एक बार फिर पॉजिटिव नोट पर खुले। शुरुआती कारोबार में निफ्टी पर अदाणी एंटरप्राइजेज, कोल इंडिया, एमएंडएम, भारती एयरटेल और टाटा स्टील के शेयरों में तेजी रही। सेंसेक्स 11 बजकर 40 मिनट पर 190 अंक से ज्यादा की बढ़त के साथ 80,878 के स्तर पर था, जबकि निफ्टी 73 अंक से ज्यादा की बढ़त के साथ 24,658 पर था। बाजार पर नजर रखने वालों ने कहा कि अगले कुछ दिनों में बाजार बजट प्रस्तावों का अनुमान लगाएगा और उस पर प्रतिक्रिया देगा। केंद्रीय बजट विकास को बढ़ावा देने वाला होने की संभावना है। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, विकास सरकार की पहली प्राथमिकता है, जिससे सरकार समझौता नहीं कर सकती। प्रभुदास लीलाधर की तकनीकी शोध उपाध्यक्ष वैशाली पारेख ने कहा कि निफ्टी धीरे-धीरे और मजबूती हासिल कर रहा है और हर दिन ऊपर चढ़ रहा है तथा मजबूत रुझान के साथ इसका अगला लक्ष्य 24900 का है।

## पाकिस्तान में सैन्य बेस पर हुआ हमला; 8 सुरक्षा कर्मियों की मौत

कराची। पाकिस्तान में लगातार एक के बाद एक हमले हो रहे हैं। अब इस्लामवादी आतंकवादियों की तरफ से उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में एक सैन्य अड्डे पर हमला किया गया। पाकिस्तानी सेना की तरफ से ये जानकारी सामने आई है। इस घटना में आठ सुरक्षाकर्मी मारे गए, वहीं एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरे एक वाहन को दीवार पर फेंक दिया।

वहीं पाकिस्तान के बन्नू शहर में चल रहे ऑपरेशन में, सुरक्षा बलों ने उत्तरी वजीरिस्तान के जनजातीय क्षेत्र की सीमा पर बन्नू में बेस को निशाना बनाने वाले सभी 10 हमलावरों को मार गिराया। ये इलाका इस्लामी उग्रवाद के केंद्र के रूप में जाना जाता है और अफगानिस्तान सीमा के करीब है।

# विराट कोहली पर अमित मिश्रा ने लगाया बड़ा आरोप, गौतम के साथ विवाद पर दिया 'गंभीर' बयान



**नई दिल्ली। आईपीएल 2024 के दौरान हुए विराट कोहली और गौतम गंभीर के झगड़े को हर कोई जानता है। आईपीएल 2023 में जब गौतम गंभीर लखनऊ सुपर जायंट्स के मेंटोर थे, तब आरसीबी के साथ खेले गए एक मैच के बाद कोहली और गंभीर के बीच कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद अब विराट कोहली और गौतम गंभीर के बीच विवाद खत्म होता हुआ दिखाई दिया है।**

केकेआर और आरसीबी के एक मैच से पहले दोनों खिलाड़ियों को मैदान पर एक-दूसरे से बातचीत करते हुए देखा गया। वहीं अब लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाड़ी अमित मिश्रा ने कोहली पर एक बड़ा आरोप लगाया है।

शुभांकर मिश्रा के साथ पॉडकास्ट के दौरान बातचीत करते हुए अमित मिश्रा ने बताया कि गौतम गंभीर की अच्छी बात यह थी कि वे खुद कोहली के पास गए थे। गंभीर ने कोहली से उनका और उनके परिवार का हालचाल जाना था, जबकि कोहली को गंभीर के पास जाकर इस विवाद को खत्म करना चाहिए था। उस समय गौतम ने बड़ा दिल दिखाया और झगड़े को खत्म करके कोहली से बातचीत की, जबकि कोहली को कहना चाहिए था कि गौती भाई, चलो झगड़ा खत्म करते हैं।

गौतम गंभीर अब टीम इंडिया के नए हेड कोच बन चुके हैं। अपने कार्यकाल की शुरुआत गंभीर श्रीलंका के साथ होने वाली टी20 और वनडे सीरीज से करने वाले हैं। टीम का कोच बनने के बाद अब विराट कोहली और गौतम गंभीर एक-साथ जरूर दिखाई देंगे। कोहली विश्व कप के बाद टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, वे अब वनडे और टेस्ट क्रिकेट में टीम इंडिया के लिए खेलते हुए दिखाई देंगे। अब देखने वाली बात होगी कि कैसे ये दोनों एक-दूसरे के साथ तालमेल बैठाते हैं?

# बीसीसीआई का नया फरमान, स्टार खिलाड़ी भी खेलें घरेलू क्रिकेट

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड का नया फरमान आया है. बोर्ड ने टीम इंडिया के स्टार खिलाड़ियों को भी घरेलू क्रिकेट खेलने के लिए कहा है. बीसीसीआई सचिव जय शाह ने साफ कर दिया है कि नेशनल टीम के खिलाड़ियों को फ्री होने पर घरेलू क्रिकेट के लिए उपलब्ध रहना होगा. हालांकि, इसमें तीन खिलाड़ियों को छूट मिली है.

न्यूज एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई सचिव जय शाह ने साफ कर दिया है कि जब राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ी देश के लिए नहीं खेलेंगे तो उन्हें घरेलू क्रिकेट खेलने के लिए उपलब्ध रहना होगा. रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि बोर्ड चाहता है कि टेस्ट टीम के खिलाड़ी आगामी दिलीप ट्रॉफी में कम से कम एक मैच जरूर खेलें. दरअसल, अगस्त में भारत को बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलनी है. ऐसे में दिलीप ट्रॉफी से खिलाड़ियों की तैयारी हो जाएगी. बीसीसीआई का यह फैसला रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह पर लागू नहीं होगा. दरअसल, बोर्ड ने इन तीनों खिलाड़ियों को छूट दी है. बोर्ड का कहना है कि ये तीनों खिलाड़ी खुद फैसला करें कि इन्हें घरेलू क्रिकेट खेलना है या नहीं. इसका मतलब साफ है कि बोर्ड की तरफ से इन तीनों खिलाड़ियों पर किसी तरह का दबाव नहीं डाला जाएगा. बता दें कि पीटीआई की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इस बार दिलीप ट्रॉफी के लिए चयन टीम इंडिया के सेलेक्टर्स ही करेंगे. दरअसल, दिलीप ट्रॉफी के लिए कोई क्षेत्रीय चयन समिति नहीं है. सभी टेस्ट खेलने वाले खिलाड़ियों का इसमें चयन किया जाएगा. हालांकि, रोहित, कोहली और बुमराह को इसमें खेलना है या नहीं, इसका फैसला वे खुद करेंगे.

# बावा विश्व जूनियर स्क्वैश के सेमीफाइनल में, अनहत बाहर

ह्यूस्टन (अमेरिका)। शौर्य बावा कुश कुमार (2014 में) के बाद विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय पुरुष बन गए।

17/32 वरीयता प्राप्त दिल्ली के 18 वर्षीय खिलाड़ी ने लड़कों के क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के लो वा-सर्न को 2-11, 11-4, 10-12, 11-8, 12-10 से हराकर भारत की जीत और एक पदक पक्का कर दिया। 80 मिनट तक चले रोमांचक संघर्ष में, बावा पांचवें गेम में 6-9 और 7-10 से पिछड़ गया था, लेकिन उसने जीत के लिए उल्लेखनीय रूप से 3 मैच गेंदें बचाईं। बावा ने लो पर अपनी सेमीफाइनल जीत में प्रभावशाली दृढ़ संकल्प और संयम दिखाया, जीत हासिल करने के लिए मैच की तीन गेंदें से पिछड़ने के बाद भी संघर्ष किया, जीत के बाद भारतीय अपनी उपलब्धि के एहसास के साथ जमीन पर गिर पड़े। अंतिम चार चरण में उनका मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त मिस्र के मोहम्मद जकारिया से होगा। इस बीच, हमवतन अनहत सिंह (5/8 वरीयता प्राप्त) लगातार तीसरे साल लड़कियों के क्वार्टर फाइनल में हार गईं। 16 वर्षीय महिला राष्ट्रीय चैंपियन मिस्र की विजेता नादियान एलहामामी से पांच सेट के करीबी मुकाबले में 11-8, 11-9, 5-11, 10-12, 13-11 से हार गईं। पांच दिन पहले अपना 17वां जन्मदिन मनाने वाली एल्हामामी ने 16 वर्षीय भारतीय के खिलाफ अच्छी शुरुआत की और 2-0 की बढ़त बना ली और अनहत के आक्रामक खेल का अच्छी तरह से बचाव किया। हालांकि, तीसरे गेम में भारतीय खिलाड़ी ने जोरदार वापसी की और तीसरे गेम में 11-5 की जीत और चौथे गेम में 12-10 की कड़ी जीत के साथ बराबरी हासिल की। ऐसा प्रतीत हुआ कि अनहत ने पांचवें गेम में 10-8 से आगे होने पर वापसी पूरी कर ली थी, केवल एल्हामामी ने शानदार ढंग से वापसी करते हुए अनहत को टाई ब्रेक के लिए मजबूर कर दिया।



# सरकार ने बढ़ाया कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स

नई दिल्ली। सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित होने वाले कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स में लगातार दूसरी बढ़ोतरी की है. हालांकि अन्य पेट्रोलियम उत्पादों जैसे डीजल, पेट्रोल और विमानन ईंधन यानी ईटीएफ के मामले में दरों को शून्य पर स्थिर रखा गया है. सरकार ने सोमवार देर शाम एक नोटिफिकेशन जारी कर इसकी जानकारी दी. नोटिफिकेशन के अनुसार, घरेलू स्तर पर उत्पादित हो रहे कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स को फिर से बढ़ा दिया गया है. इस बदलाव के बाद अब डोमेस्टिक क्रूड ऑयल पर 7,000 रुपये प्रति टन की दर से विंडफॉल टैक्स लगेगा. नई दरें आज यानी 16 जुलाई 2024 से प्रभावी हो गई हैं.

# अभी नहीं लेंगे संन्यास क्रिकेट से, टेस्ट और वनडे खेलते रहेंगे रोहित शर्मा

नईदिल्ली। पिछले महीने विश्व कप जीतने के बाद टी20 क्रिकेट को अलविदा कह चुके भारतीय क्रिकेट कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वह कम से कम कुछ समय तक टेस्ट और वनडे क्रिकेट खेलते रहेंगे।



रोहित वेस्टइंडीज में विश्व कप जीतने के बाद से ब्रेक पर हैं और श्रीलंका के खिलाफ तीन वनडे मैच भी नहीं खेलेंगे। सैंतीस वर्ष के रोहित ने यहां एक समारोह में कहा, 'मैंने कहा है कि मैं बहुत आगे की नहीं सोचता। कम से कम कुछ समय तक तो आप मुझे खेलते देखेंगे।'

इससे पहले बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा था कि मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप सत्र और अगले साल फरवरी मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी में रोहित ही भारत के कप्तान होंगे।

रोहित टी20 विश्व कप 2022 में भारत के कप्तान थे जिसमें इंग्लैंड ने उसे सेमीफाइनल में हराया।

इसके एक साल बाद भारत में 50 ओवरों के विश्व कप के फाइनल में टीम आस्ट्रेलिया से हार गई।

रोहित की कप्तानी में भारत ने वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले गए टी20 विश्व कप 2024 में खिताबी जीत दर्ज की।

# हार्दिक पांड्या होंगे टी20 सीरीज में भारत के कप्तान

नईदिल्ली। स्टार हरफनमौला हार्दिक पंड्या श्रीलंका के खिलाफ 27 जुलाई से शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 क्रिकेट श्रृंखला में भारत के कप्तान होंगे। पंड्या निजी कारणों से अगस्त में होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला नहीं खेलेंगे।



बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, ''हार्दिक पंड्या भारतीय टी20 टीम के उपकप्तान थे। वह पूरी तरह फिट हैं और तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिये उपलब्ध भी लिहाजा वह कप्तान होंगे।''

रोहित शर्मा ने विश्व कप जीतने के बाद टी20 क्रिकेट को अलविदा कह दिया। टी20 श्रृंखला 27 से 30 जुलाई तक पल्लेकेले में खेली जायेगी जबकि वनडे दो से सात अगस्त तक कोलंबो में होंगे। टीम की घोषणा अगले कुछ दिन में होगी।

वनडे श्रृंखला के बारे में अधिकारी ने बताया कि पंड्या ने निजी कारणों से ब्रेक मांगा है और नियमित कप्तान रोहित शर्मा को इसकी जानकारी दे दी है।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने साफ तौर पर कहा है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने पर सभी स्टार क्रिकेटरों को भी घरेलू क्रिकेट खेलना होगा।

# विदेश मंत्री एस जयशंकर दो दिवसीय यात्रा पर पहुंचे मॉरीशस

पोर्ट लुईस। विदेश मंत्री एस जयशंकर भारत और मॉरीशस के बीच विशेष संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए च्सार्थक वार्ताज्ज् करने के मकसद से मंगलवार को दो दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में फिर से विदेश मंत्री नियुक्त किए जाने के बाद, जयशंकर हिंद महासागर के द्वीपीय राष्ट्र की इस यात्रा के दौरान पहली द्विपक्षीय बैठक करेंगे।



यह यात्रा भारत एवं मॉरीशस के संबंधों के महत्व को रेखांकित करती है और यह भारत की च्पड़ोस प्रथम की नीतिज्, च्विजन सागरज् और च्ग्लोबल साउथज् (अल्प विकसित देशों) के प्रति प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करती है। मॉरीशस के विदेश, क्षेत्रीय एकीकरण और अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनीष गोबिन ने हवाई अड्डे पर जयशंकर का स्वागत किया।

# अफगानिस्तान में तूफान और भारी बारिश ने मचाई तबाही, 35 लोगों की मौत

इस्लामाबाद । अफगानिस्तान में एक बार फिर कुदरत का कहर देखने को मिला है। तालिबान के एक अधिकारी ने बताया है कि सोमवार को पूर्वी अफगानिस्तान में तूफान और भारी बारिश की वजह से 35 लोगों की मौत हो गई है। सूचना एवं संस्कृति विभाग के प्रांतीय निदेशक सेदिकुल्लाह कुरैशी ने बताया कि नांगरहार प्रांत में कई लोग घायल भी हुए हैं। कुरैशी ने बताया कि मृतकों में एक ही परिवार के वो पांच लोग भी शामिल हैं जिनकी जान सुर्ख रोड जिले में एक मकान की छत गिर जाने के कारण गई। हादसे में परिवार के चार अन्य लोग घायल हो गए है।



सेदिकुल्लाह कुरैशी ने कहा कि प्राकृतिक आपदा में मारे गए और घायल लोगों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। प्रांत के विभिन्न भागों में संपत्ति एवं फसलों को भी भारी नुकसान हुआ है। नांगरहार में क्षेत्रीय अस्पताल के प्रमुख अमीनुल्लाह शरीफ ने बताया कि अभी तक 207 घायलों को प्रांत की राजधानी जलालाबाद और आसपास के जिलों में इलाज के लिए लाया गया है। उन्होंने बताया कि घायलों के लिए रक्तदान करने की खातिर दर्जनों स्थानीय लोग अस्पताल पहुंचे। गौरतलब है कि, इससे पहले विश्व खाद्य कार्यक्रम ने कहा था कि अफगानिस्तान में 10 मई और 11 मई को हुई अभूतपूर्व भारी बारिश में 300 से अधिक लोग मारे गए और हजारों घर नष्ट हो गए। इनमें से ज्यादातर मकान उत्तरी बगलान प्रांत में थे।

## प्रथम पेज का शेष

**0 नीति आयोग का पुनर्गठन: मोदी अध्यक्ष बने रहेंगे ....**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पूर्व की भांति पदेन सदस्य बने रहेंगे।

**नए विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में इन्हें किया गया शामिल**

वहीं, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी, जीतन राम मांझी, राजीव रंजन सिंह, राम मोहन नायडू, जुएल ओराम, चिराग पासवान और अन्नपूर्णा देवी को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होने के बाद नए विशेष आमंत्रित सदस्यों के रूप में शामिल किया गया है।

**राष्ट्रपति भवन से अधिसूचना जारी**

राष्ट्रपति भवन ने नीति आयोग में नए सशोधन को अपनी सहमति दे दी है। इस बाबत एक अधिसूचना भी जारी की गई है। इसमें कहा गया है कि कैबिनेट सचिवालय की अधिसूचना के क्रम में प्रधानमंत्री ने नीति आयोग की संशोधित संरचना को मंजूरी दे दी है।

# अप्रैल-जून में भारत का गुड्स एंड सर्विस एक्सपोर्ट 8.6 प्रतिशत बढ़कर 200 अरब डॉलर के पार

नई दिल्ली। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार भारत का गुड्स एंड सर्विस एक्सपोर्ट जून में 5.4 प्रतिशत बढ़कर 65.47 अरब डॉलर हो गया। जबकि, इस साल अप्रैल-जून तिमाही के दौरान निर्यात में कुल वृद्धि 8.6 प्रतिशत बढ़कर 200.33 अरब डॉलर हो गई।

व्यापार सचिव सुनील बर्थवाल ने मासिक व्यापार आंकड़े जारी करते हुए कहा, 2024-25 की पहली तिमाही में भारत का कुल निर्यात 200 अरब डॉलर को पार कर गया है और अगर यह प्रगति जारी रहती है, तो हमें उम्मीद है कि इस वित्तीय वर्ष में निर्यात 800 अरब डॉलर को पार कर जाएगा।

आंकड़ों से पता चलता है कि व्यापारिक निर्यात में जून में 2.55 प्रतिशत की सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई और यह 35.20 बिलियन डॉलर हो गया। जबकि, जून 2023 में यह 34.32 बिलियन डॉलर था। अप्रैल-जून 2024 के दौरान व्यापारिक निर्यात का मूल्य अप्रैल-जून 2023 के दौरान 103.89 बिलियन डॉलर की तुलना में 109.96 बिलियन डॉलर है, जो 5.84 प्रतिशत की सकारात्मक वृद्धि दिखाता है।

नॉन-पेट्रोलियम और अन्य, नॉन-जेम्स और अन्य, आभूषण निर्यात में 8.48 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो जून 2023 में 25.29 बिलियन डॉलर से बढ़कर जून 2024 में 27.43 बिलियन डॉलर हो गया।

जून 2024 में व्यापारिक निर्यात वृद्धि के मुख्य चीजों में इंजीनियरिंग सामान, इलेक्ट्रॉनिक सामान, दवाएं, फार्मास्यूटिकल्स उत्पाद, कॉफी और जैविक एवं अकार्बनिक रसायन और अन्य शामिल हैं।

इंजीनियरिंग सामान का निर्यात जून 2023 में 8.52 बिलियन डॉलर से 10.27 प्रतिशत बढ़कर जून 2024 में 9.39 बिलियन डॉलर हो गया। इलेक्ट्रॉनिक सामान का निर्यात जून 2023 में 2.42 बिलियन डॉलर से 16.91 प्रतिशत बढ़कर जून 2024 में 2.82 बिलियन डॉलर हो गया।

ड्रग्स और फार्मास्युटिकल निर्यात जून 2023 में 9.93 प्रतिशत बढ़कर 2.25 बिलियन डॉलर से बढ़कर जून 2024 में 2.47 बिलियन डॉलर हो गया। कॉफी निर्यात जून 2023 में 70.02 प्रतिशत बढ़कर 0.12 बिलियन डॉलर से बढ़कर जून 2024 में 0.20 बिलियन डॉलर हो गया।

जैविक और अकार्बनिक रसायनों का निर्यात जून 2023 में 2.22 बिलियन डॉलर से 3.32 प्रतिशत बढ़कर जून 2024 में 2.29 बिलियन डॉलर हो गया।

जून 2024 में कुल आयात (माल और सेवाएं संयुक्त) 73.47 बिलियन डॉलर होने का अनुमान है, जो जून 2023 की तुलना में 6.29 प्रतिशत की सकारात्मक वृद्धि दिखाता है।

अप्रैल-जून 2024 के दौरान कुल आयात 8.47 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 222.89 बिलियन डॉलर होने का अनुमान है।

आंकड़े अप्रैल-जून 2024 में देश के गुड्स एंड सर्विस एक्सपोर्ट में मजबूत वृद्धि को दर्शाते हैं, जो अप्रैल-जून 2023 में 35.12 बिलियन डॉलर की तुलना में 39.70 बिलियन डॉलर था।

## शेयर बाजार में तेजी, अदाणी एंटरप्राइजेज को सबसे ज्यादा लाभ

मुंबई। अगले सप्ताह पेश होने वाले बजट से पहले मंगलवार को भारतीय बेंचमार्क सूचकांक एक बार फिर पॉजिटिव नोट पर खुले। शुरुआती कारोबार में निफ्टी पर अदाणी एंटरप्राइजेज, कोल इंडिया, एमएंडएम, भारती एयरटेल और टाटा स्टील के शेयरों में तेजी रही। सेंसेक्स 11 बजकर 40 मिनट पर 190 अंक से ज्यादा की बढ़त के साथ 80,878 के स्तर पर था, जबकि निफ्टी 73 अंक से ज्यादा की बढ़त के साथ 24,658 पर था। बाजार पर नजर रखने वालों ने कहा कि अगले कुछ दिनों में बाजार बजट प्रस्तावों का अनुमान लगाएगा और उस पर प्रतिक्रिया देगा।

# गौतम अदाणी ने की लैमिल यामल के जादुई गोल की जमकर तारीफ, युवा फुटबॉलर ने यूरो कप में रचा इतिहास



नई दिल्ली । अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी स्पेन के युवा फुटबॉलर लैमिन यामल की सराहना की है. स्पेन की तरफ से 16 वर्ष के यामल ने 21वें मिनट में एक शानदार गोल किया. 16 साल के इस स्टार विंगर ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप में सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ी के रूप में अपनी पहचान बनाई. उनकी मदद से स्पेन ने फ्रांस को 2-1 से हराकर यूरो 2024 के फाइनल में प्रवेश किया. यूरो 2024 सेमीफाइनल के दौरान फ्रांस के खिलाफ जब स्पेन 0-1 से पीछे चल रहा था, तब यामल ने टीम को बराबरी के स्कोर तक पहुंचाया.

**इस समय पूरी दुनिया में इस 16 साल के फुटबॉलर लैमिन यामल के चर्चे हैं**

गौतम अदानी ने एक्स पर पोस्ट किया, बुधवार को 20-16 पर फुटबॉल की दुनिया थम सी गई थी. 16 वर्षीय लैमिन यामल ने 20 गज की दूरी से जादुई गोल किया. संयोग? हो सकता है. प्रतिभा? अविश्वसनीय! सभी युवाओं के लिए यह कितनी प्रेरणादायक कहानी है. विनम्र और चुनौतीपूर्ण शुरुआत, रोज़ाना अपनी मां से बात करना, अपने साथ स्कूल की पाठ्य पुस्तकें रखना और फिर भी इस युवा ने इतिहास रच दिया है. बार्सिलोना और स्पेन दोनों के लिए खेलने और गोल करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बन गया है. छह साल की उम्र में यामल की खोज करने के लिए बार्सिलोना को बधाई! कमाल है. युवाओं की शक्ति बहुत तेज़ होती है! स्पेन और यामल को बधाई! पोस्ट में आगे लिखा गया है।

शनिवार को 17 साल के होने वाले यामल ने बार्सिलोना के साथ पहले ही कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं. साल 2022-23 सीज़न में क्लब के साथ ला लीगा जीतने के बाद, स्ट्राइकर अब अपनी दूसरी बड़ी ट्रॉफी और स्पेनिश राष्ट्रीय टीम के साथ अपनी पहली ट्रॉफी जीतने की कगार पर है. वह सोमवार को ओलंपिया स्टेडियम बर्लिन में यूरो 2024 के फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ खेलेंगे.

# आज से पेयजल आपूर्ति बाधित, सुबह की सप्लाई विलंब से

**राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव निगम सीमा क्षेत्रांतर्गत स्थित जल संयंत्रगृह मोहरा के 27 एमएलडी फिल्टर प्लांट में पी.एल.सी. स्काडा सिस्टम लगाया जाना है,जिसके कारण 27 एमएलडी प्लांट से भरने वाली टंकी से 17 जुलाई से 20 जुलाई चार दिन तक शाम की पेयजल सप्लाई नहीं हो पायेगी एवं सुबह की सप्लाई विलंब से होगी। साथ ही इंदिरा नगर टंकी से 17 व 18 को शाम की सप्लाई नहीं होगी तथा 17 को सुबह समय में व 18 को सुबह विलंब से पेयजल सप्लाई होगी।**

इस संबंध में नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि शहर वासियों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने राजनांदगांव नगर निगम द्वारा मोहरा स्थित जल संयंत्रगृह के 27 एमएलडी फिल्टर प्लांट में पी.एल.सी. स्काडा सिस्टम लगाया जाना है,जिसके कारण 27 एमएलडी प्लांट से भरने वाली टंकियों सिंगदई मोहड टंकी, लखोली कन्हारपुरी टंकी, कंचनबाग टंकी, टाका घर नया आर.सी.सी. टंकी, टाका घर नया टंकी, टाका घर टंकी, शंकरपुर नया टंकी, चिखली (दिनदयाल नगर) टंकी से दिनांक 17 जुलाई को सुबह की पेयजल सप्लाई की जावेगी एवं शाम की पेयजल सप्लाई नहीं होगी और दिनांक 18, 19 एवं 20 जुलाई को शाम की पेयजल सप्लाई नही होगी तथा सुबह की पेयजल सप्लाई विलंब से होगी। इसी प्रकार 10 एम.एल.डी. फिल्टर प्लांट में भी स्काडा सिस्टम लगया जाना है।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि 27 एम.एल.डी. फिल्टर प्लांट में स्काडा सिस्टम

**27 एम.एल.डी. फिल्टर प्लांट में स्काडा सिस्टम लगाने 17 व 18 जुलाई को पेयजल आपूर्ति बाधित**

लगाये जाने के कारण उपरोक्त टंकियों से 17 जुलाई से 20 जुलाई तक शाम के समय सिंगदई मोहड़ टंकी (क्षमता 05.00 लाख लीटर):- मोहड़, सिंगदई, हल्दी, मोहारा बस्ती, बजरंग नगर, लखोली। कन्हारपुरी टंकी (क्षमता 10.00 लाख लीटर):- लखोली, संतोषी नगर, चक्कीपारा, दुर्गाचौक लखोली, संजय नगर, लखोली नाका एरिया, कन्हारपुरी संपूर्ण क्षेत्र, सनसिटी एरिया। कंचनबाग टंकी (क्षमता 13.50 लाख लीटर):- कंचनबाग, शिवनाथ कालोनी, केशर नगर, जनता कॉलोनी, राजीव नगर ब्रम्हदेव चौक, बैगापारा, अटल आवास, शांती विजय कालोनी, राहुल नगर लखोली। टांकाघर नया आर.सी.सी. टंकी (क्षमता 15 लाख लीटर):- टांकापारा, जी.ई. रोड़, पुराना सिविल लाईन, सारंगपानी चाल, बल्देवबाग, पुराना रेस्ट हाउस, स्टेशनपारा वार्ड नं. 14। टांकाघर नया टंकी (क्षमता 40.00 लाख लीटर):- रायपुर नाका, रामाधीन मार्ग, कामठी लाईन, गुड़ाखू लाईन, जूनी हटरी, जय स्तम्भ रोड़, कलारपारा, सिनेमा लाईन, गोलबाजार, पुराना अस्पताल रोड़, सदर लाईन आधा क्षेत्र, गंज लाईन, आरामशीन रोड़, स्टेट बैंक कालोनी, पी.एच.ई. कार्यालय, टांकाघर, नेहरू नगर, जमातपारा, आजाद चौक, पुराना बस स्टैण्ड, कैलाश नगर, मठपारा। टांकाघर टंकी (क्षमता 16.00 लाख लीटर):- गौरीनगर, स्टेशनपारा वार्ड नं. 11 एवं 12, चिखली वार्ड नं. 05, स्वीपर कॉलोनी स्टेशनपारा। शंकरपुर नया टंकी (क्षमता 10.00 लाख लीटर):- शंकरपुर, शांतीनगर, चिखली वार्ड नं. 06, पुराना ढ़ावा, रामनगर, शिक्षक नगर, चिखली (दिनदयाल नगर) टंकी (क्षमता 11.00 लाख लीटर):- शांतिनगर, चिखली बिहारीचाल, पुराना ढ़ाबा, रमन बाजार चिखली, दिनदयाल नगर, गठुला नाला, चिखली झुग्गी झोपड़ी, अम्बेडकर चौक शांतिनगर क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति 17 जुलाई से 20 जुलाई तक शाम को बाधित रहेगी, 17 जुलाई को सुबह समय में एवं 18 से 20 जुलाई तक सुबह विलंब से पेयजल सप्लाई होगी। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि इसी प्रकार 10 एम.एल.डी. फिल्टर प्लांट में स्काडा सिस्टम लगाये जाने के कारण इंदिरा नगर टंकी (क्षमता 15 लाख लीटर):- इंदिरा नगर वार्ड, चौखड़िया पारा, नंदई, हिरामोती लाईन, गंज लाईन, ब्राम्हणपारा, पठानपारा, उद्यांचल, दुर्गा चौक, दिग्विजय कालेज रोड़, दिवानपारा, सतनामी पारा, सेठीनगर, बसंतपुर में 18 जुलाई को शाम को पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी, 17 जुलाई को सुबह समय में पेयजल सप्लाई होगी। उन्होंने नागरिकों से असुविधा के लिये खेद व्यक्त करते हुये सहयोग करने की अपील की है।

# कमला कॉलेज में महिला कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न



**राजनांदगांव (दावा)। स्व. डी.डी साहू स्मृति सद्भावना महिला कबड्डी प्रतियोगिता १४ जुलाई दिन रविवार कमला कॉलेज राजनांदगांव आयोजित की गई। जिसमें ६ टीम मैच प्रतिभागी मोहला कोहुलाकसा, डोंगरगढ़, सुरगी, राजनांदगांव महिला टीम अ व राजनांदगांव ब भाग लिया जिसमें राजनांदगांव अ टीम डोंगरगढ़ को ४१/२९ हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।**

# स्कूल वॉश एवं स्वच्छता सत्र गतिविधियों पर शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन

मोहला (दावा)। जनपद पंचायत अं.चौकी के सभाकक्ष में ओ.डी.प्लस मॉडल के स्थायित्व को बनाये रखने हेतु मास्टर ट्रेनर के रूप में आए शिक्षा विभाग से शिक्षकगण, आंगनबाड़ी सुपरवाईजर, डीईओ/एडीईओ, एनआरएलएम स्वास्थ्य विभाग का एक दिवसीय कार्यशाला परियोजना निदेशक, जिला ग्रामीण विकास प्रशासन हेमंत ठाकुर के मार्गदर्शन में आयोजन किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अं. चौकी श्रीमती प्रियंवदा रामटेके द्वारा स्कूली बच्चों को स्कूल, आंगनबाड़ी एवं समूह में ओ.डी.एफ.प्लस मॉडल स्वच्छता से संबंधित बच्चों में स्वच्छता जागरूकता की जानकारी प्रदाय करने हेतु निर्देशित किया गया। जिससे प्रत्येक घर, प्रत्येक गांव, प्रत्येक स्कूल, प्रत्येक पंचायत खुले में शौच मुक्त की स्थिति के साथ-साथ खुले में कचरा मुक्त ग्राम व पंचायत बनाने के दायित्व को साकार किया जा सकें। साथ ही विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एस.के.धीवर द्वारा स्वच्छता पर चर्चा करते हुए शिक्षा विभाग के माध्यम से स्वच्छता जागरूता फैलाने प्रत्येक शनिवार को बच्चों के माध्यम से स्वच्छता रैली, स्वच्छता सत्र का आयोजन करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), विकासखण्ड समन्वयक, वाटरएड जिला समन्वयक राजू राठौर द्वारा स्कूल के ऊपर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया।



# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शा. कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला खैरागढ़ में उत्साह पूर्वक मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**सांसद, विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने बच्चों के साथ किया न्योता भोज**

खैरागढ़ (दावा)। जिला मुख्यालय के प्रतिष्ठित विद्यालय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन उत्साह पूर्वक किया गया और हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में संतोष पाण्डेय सांसद, अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा, विशिष्ट अतिथि डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिलाधीश चंद्रकांत वर्मा, पूर्व विधायक व संसदीय सचिव कोमल जंघेल, जिला पंचायत राजनांदगांव के सभापति धम्मन साहू, सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, पूर्व जनपद अध्यक्ष छुईखदान खम्मन ताम्रकार, मंडल अध्यक्ष शहर विनय देवांगन, सांसद प्रतिनिधि व पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष खैरागढ़ राकेश गुप्ता, पार्षद चंद्रशेखर यादव, अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति स्वामी आत्मानंद कन्या शाला आलोक श्रीवास, जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह बोनी,शशांक ताम्रकार, पूर्व पार्षद कमलेश कोठले की गरिमामयी उपस्थिति रही। पारंपरिक राउत- गेड़ी नृत्य एवं लोक वाद्यों की मांगलिक ध्वनी के बीच अतिथियों द्वारा भारत माता का पूजन-अर्चन किया गया। माँ सरस्वती की पूजा एवं राजकीय गीत 'अरपा पैरी के धार' के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ हुआ। सांसद संतोष पांडे ने अपने चिरपरिचित अंदाज में वीर रस की कविताओं से बालिका शिक्षा और नारी शक्ति का आहवान किया। उन्होंने कहा कि मेरे पिता ने खैरागढ़ के विद्यालय में शिक्षा अध्ययन किये, मैं भी एक शिक्षक का पुत्र हूँ। इस दौरान सेजेस कन्या शाला के लिए आहाता की उचाई बढ़ाने, मध्याहन भोजन कक्ष (मेस) एवं किचन सेड सहित शाला परिसर मे झूला, फिसल पट्टी तथा कुर्सी की स्वीकृति देते हुए कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा को आवश्यक व्यवस्था हेतु निर्देश देते हुए कहा कि, आपकी ये समस्त मांगें एक सप्ताह में पूरी होगी।




क्षेत्रीय विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हक के लिए लड़ना होगा, आगे बढ़ना है,तो पढ़ना होगा। डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने बालिकाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने को प्रेरित करते हुए परस्पर स्पर्धा की भावना विकसित करने की बात कही। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विकांत सिंह ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बालिका शिक्षा पर विशेष जोर डाला। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने कहा कि, जिनकी उत्कृष्ट सोच होती है वे अभाव में भी अच्छा कर गुजरते है। जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी के द्वारा स्वागत उद्बोधन सहित शिक्षा विभाग जिला केसीजी का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इस दौरान समस्त अतिथियों द्वारा टीएलएम एवं इन्सपायर एवार्ड में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित विज्ञान माडल का अवलोकन किया एवं शासन की विभित्र योजनाओं के तहत निःशुल्क पाठ्य पुस्तक गणवेश एवं सरस्वती सायकल का वितरण किया गया, तत्पश्चात न्योता भोजन में विद्यार्थियों के साथ सम्मिलित होकर भोजन ग्रहण किया गया।

कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सेवानिवृत्त एवं राष्ट्रपति तथा राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षकों का सम्मान किया गया, जिनमें साहित्यकार डॉ. जीवन यदु राही, डॉ. पीसीलाल यादव, बिहारी राम यादव, विनयशरण सिंह, डॉ. माधना अग्रवाल, निगार अंजुम खान, रविन्द्र कर्महे, अनुराधा सिंह, रघुनाथ सिन्हा, कमलेश्वर सिंह, इंदिरा चंद्रवंशी एवं अपने मार्गदर्शन में राष्ट्रीय स्तर पर दो विद्यार्थियों का चयन करने के लिए शिक्षक संजय श्रीवास्तव सम्मानित हुए। जिला स्तर पर दसवीं एवं बारहवीं में सर्वोच्च अंक पाने वाले विद्यार्थियों सहित उत्कृष्ट खिलाडी के लिए कु. माधुरी साहू सेजेस कल्या शाला खैरागढ़ को सम्मानित किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने एक पेड़ मां के नाम के तहत समस्त अतिथियों को पौधे वितरण किए।

पूरे कार्यक्रम में संगीत शिक्षक डॉ. विभाष पाठक तथा उनके विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत भजन एवं स्वागत गान मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा।।कार्यक्रम का संचालन डॉ. विभाष पाठक तथा अखिलेश श्रीवास्तव के द्वारा किया गया।

# विधायक भोलाराम साहू ने शोक व्यक्त किया



छुरिया (दावा)। खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ग्राम फाफामार पहुंच कर शोकाकुल परिवारजनों के सभी सदस्यों से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त किया और हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। गैदाटोला क्षेत्र के अंतर्गत रविवार को सुबह ग्राम फाफामार निवासी विक्की उर्फ दुर्गेश वैष्णव पिता स्व. जगन वैष्णव 32 वर्ष अपने खेत में खरपतवार नाशक दवाई का छिड़काव करने गया हुआ था इस दौरान वह खेत में करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उक्त घटना की जानकारी जैसे ही ग्रामीणों को हुई गांव में शोक की व्याप्त हो गई है।

# टंगिया से वार कर युवक को उतारा मौत के घाट, पुरानी रंजिश पर वारदात को दिया अंजाम



दुर्ग(दावा)। जिले के धमधा थाना क्षेत्र के ग्राम मुड़पार में पुरानी रंजिश के चलते दो युवक आपस में भिड़ गए. इस विवाद में एक युवक ने टंगिया से दूसरे पर प्राण घातक हमला कर दिया, जिससे युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई.

पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया है. धमधा थाना प्रभारी पीडी चंद्रा ने बताया कि कल रात ग्राम मुडपार में देवेंद्र साहू पिता मुरारी साहू 33 वर्ष एवं आरोपी सौरभ साहू 29 वर्ष का एक दूसरे से पुरानी रंजिश के चलते विवाद हो गया. इस दौरान देवेंद्र ने सौरभ पर अभद्र टिप्पणी की. इससे क्रोध में आकर सौरभ साहू ने देवेंद्र पर टंगिया से जानलेवा हमला कर दिया. वार इतना घातक था कि देवेंद्र साहू की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. मृतक के छोटे भाई तिलेश्वर साहू ने घटना की सूचना पुलिस को दी. सूचना मिलते ही धमधा पुलिस तत्काल एक्शन में आई और आरोपी को हिरासत में लिया. आरोपी सौरभ के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है.

# प्राथ.एवं माध्य. शाला चेन्द्रीबन नवागॉव में बाल कैबिनेट का गठन



हरदी (दावा)। शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चेन्द्रीबन नवागॉव में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। जिसमें माध्यमिक शाला में प्रधानमंत्री कमल, वर्षा, शिक्षामंत्री तुलेश, निशा, खेलमंत्री सुनीता, लुमेश, कानून एवं सुरक्षा मंत्री दीपिका, लुकेश्वरी, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री गेवेन्द्र, लिलेश्वरी, पर्यावरण मंत्री पेमन, हर्ष कुमार, कृषि एवं उद्योग मंत्री भव्य, मयंक चुने गये। प्राथमिक शाला में प्रधानमंत्री खिलेश, पेमेन्द्र, शिक्षा मंत्री योजस्वनी, रागिनी, खेलकूद एवं संस्कृति मंत्री तेजेश्वर, दीक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री छविकांत, डिपेन्द्र नायक, कृषि एवं पर्यावरण मंत्री रीमा, पुष्कर, सुरक्षा एवं जनसंपर्क मंत्री डिम्पल, अंकित, खाद्य विभाग मंत्री देवेन्द्र एवं डेविड का गठन किया गया। सभी पदाधिकारियों का गुलाल से तिलक लगाकर स्वागत एवं हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दिये।

इस अवसर में केसी आर्य प्रधान पाठक माध्यमिक शाला सीबी साहू, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला शिक्षिका जी. पटेल, शिक्षक एके देवांगन, एसके देवांगन, एनके साहू, सीके देवांगन, शिक्षिका एम ठाकुर, के ठाकुर उपस्थित रहे।

# स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत बांधाबाजार में स्वच्छता महारैली निकाल कर दिया स्वच्छता का संदेश

मोहला (दावा)। विकासखण्ड अं.चौकी में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत गांव-गांव में स्वच्छता की मुहिम चलाई जा रही है। साथ ही जनपद पंचायत अं.चौकी में ओ.डी.एफ.प्लस मॉडल के स्थायित्व बनाये रखने हेतु पंचायत प्रतिनिधियों का डब्लूएएसएच संबंधित गतिविधियों में एक दिवसीय कार्यशाला एवं एक्पोजन विजिट (शैक्षणिक भ्रमण) का आयोजन जल सेवा चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) एवं वाटरएड संस्था द्वारा जनपद पंचायत के सभा कक्ष में सभी ग्राम पंचायत से आए प्रतिनिधि, सरपंच, पंच को प्रशस्ति पत्र एवं पहचान पत्र, परियोजना निदेशक, जिला ग्रामीण विकास प्रशासन मोहला-मानपुर-अं.चौकी हेमंत ठाकुर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अं.चौकी श्रीमती प्रियंवदा रामटेके द्वारा सम्मानित कर किया गया।



स्वच्छता दूत के रूप आए प्रतिनिधियों का परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, सीईओ श्रीमती प्रियंवदा रामटेके द्वारा स्वच्छता रैली के माध्यम से घर व गांव में स्वच्छता बनाए रखने, गीला कचरा अलग कर सूखा कचरा स्वच्छताग्राही को देने, स्वच्छता शुल्क समय पर भुगतान, गांव, बाजर चौक, चौराहे, हैण्डपम्प के आस-पास फैले कचरे साथ ही प्रत्येक शनिवार विशेष स्वच्छता सप्ताह श्रमदान के माध्यम से मनाये जाने साथ-साथ शुद्ध पेयजल के प्रति समुदाय को जागरूक करने, अपशिष्ट जल एवं ब्लैक वाटर, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, टॉयलेट रेट्रोफिटिंग के संबंध में तकनीकी, जानकारी दिया गया। जनपद पंचायत से हरी झंडी दिखा कर बस से जनप्रतिनिधियों को रवाना किया गया। जहां ग्राम पंचायत बांधाबाजार में स्वच्छता शपथ परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर द्वारा दिलाया गया।

# मोबाईल टॉवर की बकाया राशि के भुगतान के लिए फरियादी ने लगाई कलेक्टर से गुहार

राजनांदगांव (दावा)। मोबाईल टॉवर कंपनी द्वारा लंबे समय से किराये की राशि का भुगतान न करने से क्षुब्ध एक भूमिस्वामी ने किराये के बकाया भुगतान के लिए कलेक्टर संजय अग्रवाल से शिकायत करने की खबर सामने आई है। शिकायतकर्ता ने कलेक्टर से की गई शिकायत में इसका साफ उल्लेख किया है कि, जीओ (रिलायंस) कंपनी ने उनके स्वामित्व वाले भूखंड में मोबाईल टॉवर स्थापित किया था।

लगभग दो वर्ष पूर्व किरायेनामा का नवीनीकरण कराने और तय रकम 35000 रूपये प्रतिमाह भुगतान करने का भी उक्त करार में उल्लेख था, किन्तु लगभग दो साल बाद भी उक्त कंपनी वादाखिलाफी करते हुए न तो बकाया किराये की रकम का ही भुगतान कर रही है और न ही भूखंड में लगे टॉवर को ही हटा रही है। ऐसे में भूमिस्वामी उक्त भूखंड का न तो स्वयं ही उपयोग कर पर रहा है और न ही उसे किसी अन्य व्यक्ति को व्यवसायिक दृष्टिकोण से किराये पर ही दे पर रहा है।

उक्त भूखंड पर टॉवर सहित और भी कई यांत्रिक सामग्रियां है जो भूखंड में बिखरी पड़ी है, ऐसे में किराया समय पर न दे पाने और बकाया किराये की समस्त रकम का भुगतान न हो पाने की स्थिति में भूमिस्वामी उक्त टॉवर और यांत्रिक सामग्रियों को हटाता भी है तो इसके एवज में खर्च भी अधिक होगा और टॉवर को वहां से हटाना भी संभव नहीं होगा। इस प्रकार से टॉवर कंपनी उनके गले की फांस बन गया है। कुल मिलाकर कंपनी की यह वादाखिलाफी भूमिस्वामी की परेशानी का सबब बनी हुई है। उक्त समस्या से निजात दिलाने और किराये की बकाया रकम का भुगतान करने कलेक्टर से फरियादी ने गुहार लगाई है।

# स्व.लाल श्याम शाह शा. नवीन महाविद्यालय मोहला में अतिथि व्याख्याता एवं अन्य पद पर आवेदन आमंत्रित

मोहला (दावा)। स्व.लाल श्याम शाह नवीन महाविद्यालय मोहला, जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी में अतिथि व्याख्याता एवं अन्य पद के लिए 24 जुलाई तक कार्यालय समय में 5:30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदक अपने समस्त प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा स्वयं वाहक के हस्ते कार्यालय से पावती प्राप्त कर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। संपूर्ण योग्यता तथा चयन प्रक्रिया अतिथि व्याख्याता नीति 2024 के परिपालन में किया जाएगा। अतिथि व्याख्याता नीति 2024 का अध्ययन महाविद्यालय की सूचना पटल वेबसाइट - WWW. Naveencollege.com से किया जा सकता है।

# तीन नए कानून को लेकर एसपी ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

ठेलकाडीह (दावा)। नये कानून को लेकर लोगों को जागरूक करने की कड़ी में सोमवार 15 जुलाई को केसीजी पुलिस प्रशासन एवं भारतीय रिर्जव बैक से सचांलित समर्पित संस्था के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं सहित पुलिस प्रशासन एवं कॉलेज एवं स्कूल स्टॉफ मौजूद रहे।

उक्त कार्यक्रम में एसपी आईपीएस त्रिलोक बंसल साढ़े 10 बजे कॉलेज पहुंचकर सबसे पहले भारत माता के तैलचित्र की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस मौके पर ठेलकाडीह थाना प्रभारी अम्बरीश शर्मा, तेजस्वी वर्मा, छन्नू चंदेल, प्राचार्य गढ़पाले लालचंद सिन्हा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर एसपी बंसल छात्र-छात्राओं से रूबरू होते हुए कहा कि नए कानूनों को लागू का करने का उदेस्य जनता को पारदर्शी और त्वरित न्याय दिलाने तथा दंड व्यवस्था से न्याय व्यवस्था की ओर ले जाना है। उन्होंने कहा कि नवीन कानून में जीरो एफआईआर के तहत अपराध दर्ज कर संबंधित थाने को प्रकरण अग्रिम जाँच हेतु निश्चित समयावधि में भेजना होगा। साथ ही उन्होने साइबर ठगी




**एसपी त्रिलोक बंसल ने ठेलकाडीह नवीन महाविद्यालय में कहा नए कानून से आमजन को मिलेगा लाभ**

एवं यातायात संबंधी छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। इस मौके पर समर्पित संस्था की ओर से उपस्थित तेजस्वी वर्मा ने छात्र-छात्राओं जानकारी देते हुए कहा कि आपके मोबाइल नंबर पर किसी अनजान नंबर से कॉल आता है और सामने वाला आपको यह बताता है कि वह बैंक से बोल रहा हूं। तो आप इससे सतर्क जाए। थाना प्रभारी अम्बरीश शर्मा ने कहा कि बैंक फ्राड करने वाले ठगों ने सोशल मीडिया को नया ठिकाना बना लिया है। जैसे तैसे लोग ओटीपी के जरिए हो रही ठगी से जागरूक हुए तो अब ठगों ने फेसबुक, वाइसकॉल सहित लुभावने प्रलोभन देकर ठगी का शिकार बनाते है। इससे आप केवल जागरूक होकर ठगी के शिकार होने से बच सकते है। छात्र-छात्राएं एसपी बंसल को अपने बीच पाकर खुश हुए। ठेलकाडीह के गुरूघासीदास स्कूल परिसर में पौधे रोपे गए। विधार्थीयों से उसे सुरक्षित रखकर पेड़ बनाने कहा।

## एसपी ने कहा सतर्क रहे, सावधानी बरते

केसीजी पुलिस अधिक्षक आईपीएस त्रिलोक बंसल छात्र-छात्राओं को सतर्क रहने कहा आनलाइन ठगी से बचना है तो खुद को जागरूक व सतर्क रहना होगा। मोबाइल पर या आनलाइन बैंकिंग से सबंधित जानकारी के अभाव में उसका इस्तेमाल न करना ही समझदारी होगा। बैंक से जुड़े डाटा पिन व ओटीपी नंबर किसी भी अंजान को न बताएं। बिना चौकीदार वाले एटीएम बूथ के इस्तेमाल में सावधानी बरतनी चाहिए। इन छोटी-छोटी चीजों का ध्यान रखें और अपने परिवार, रिस्तेदारों सहित अन्य लोगों को भी जानकारी दे। ताकि वे भी इससे जागरूक हो सकें।

## समझे सिर का महत्व, पहने हेलमेट

उक्त कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं आईपीएस बंसल ने हेलमेट का महत्व बताते हुए कहा कि इस आप लोग सिर का बोझ न समझे। जब कोई दुर्घटना होता है। तो ज्यादातर मौते सिर में गंभीर चोटे लगने के कारण होता है। क्योंकि हमारे शारीरिक संरचना में महत्वपूर्ण सिर की सुरक्षा वाहन चलाने के दौरान इसी हेलमेट से होती है। छात्राओं से कहा कि अपने-अपने पालकों को जब भी दोपहिया वाहन चलाएं तो हेलमेट एवं चारपहिया वाहन में सीटबेस्ट जरूर उपयोग करने के लिए प्रेरित करें। उक्त कार्यक्रम में ठेलकाडीह थाना एएसआई हिम्मत सिंह यादव, धन्नालाल सिन्हा, रमेश सिन्हा, आरक्षक विष्णु वर्मा, शिवानाथ योगी, श्रद्धा श्वेता, केदार कोर्राम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# ग्राम पेंडरवानी में जमीन धंसी : किसानों में दहशत



डोंगरगांव (दावा)। क्षेत्र के ग्राम पेंडरवानी में मंगलवार को उस समय भय की स्थिति निर्मित हो गई, जब ग्राम के एक कृषक बिसौहा बागमारे के खेत में बीचों बीच का हिस्सा अचानक धरती में समा गया। घटना दोपहर बारह बजे की है। जब उक्त खेत की बोआई में लगे दीनदयाल पटेल के पिता अचानक तेज आवाज आने पर देखा कि खेत के मध्य का एक हिस्सा जमीन में धंस गया। इसकी जानकारी उसने अपने पुत्र दीनदयाल पटेल व पूर्व सरपंच दीपचंद साहू को दी, जिसके बाद से मौके पर देखने वालों की भीड़ जमा हो गई।

इस मामले में श्री पटेल व श्री साहू ने बताया कि उक्त भूमि जो कि बिसौहा बागमारे की है, उसे वे रेघ में बोते हैं। इसके रोपाई कार्य के लिए बीते दो दिनों से खेत में पानी भरने के साथ ही सोमवार को ट्रेक्टर के माध्यम से मताई का कार्य पूरा कर आज मंगलवार को धान रोपने का कार्य किया जाना था, इसकी तैयारियाँ भी पूर्ण हो गई थी। खेत में पानी का पर्याप्त भराव भी था, वहीं दोपहर 12 बजे खेत के मध्य का वह हिस्सा अचानक से 15 से 20 फीट नीचे धंस गया तथा खेत का पानी भी उसी गड्डे में समा गया, इसे लेकर आसपास के किसानों में दहशत है तथा कौतूहल का विषय बना हुआ है, वहीं उक्त गड्डे को देखने के लिए लोगों का जमावड़ा होने लगा है।

**खेत में 20 फीट से अधिक जमीन जमींदोज**

बता दें कि मीडिया की टीम मौके पर पहुंची तो अनेक ग्रामवासी बच्चे व महिलाएं वहां मौजूद थे तथा उक्त गड्डा जो उपर से संकरा है परन्तु भीतरी भाग में उसकी गोलाई व गहराई काफी अधिक दिखाई दे रही है, इस मामले में कृषक से पूछे जाने पर उसने बताया कि समीप के बोर से बीते दो दिनों से पानी में पीली मिट्टी आ रहा था, इसके अतिरिक्त अन्य कोई भी भौगोलिक गतिविधि नहीं दिखाई दी, समाचार लिखे जाने तक पुलिस व प्रशासन की ओर से कोई भी जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंचे थे।

इस मामले में भूगर्भ के जानकार तथा कोलइंडिया में अपनी सेवा देने वाले सीनियर मैनेजर शरद गोस्वामी ने बताया कि इस प्रकार की घटना को पॉट होल्स कहा जाता है जिसमें जमीन अचानक एक निश्चित स्थान पर धंस जाती है. उन्होंने बताया कि नीचे पुराना कुंआ या अन्य कोई जलस्त्रोत अथवा प्राकृतिक दरार तथा उसमें पानी के बहाव से नीचे की मिट्टी बहने लगती है और अधिक नमी तथा नीचे की भूमि से मिट्टी के कटाव के चलते जमीन अचानक धंस जाती है. कुछ माईंस एरिया में भी इस प्रकार की घटना देखने मिलती है परन्तु वर्तमान क्षेत्र में माईंस के न होने से नीचे पुराना कुंआ अथवा प्राकृतिक दरार के होने की संभावना अधिक है. श्री गोस्वामी ने बताया कि उक्त पॉट होल्स की गोलाई व गहराई दरार के भरने तक बढ़ सकता है।

### हो सकती है गंभीर घटना

इस मामले में जानकारों से मिली जानकारी के अनुसार जमीन के धंसने का क्रम आगे भी जारी रह सकता है. वहीं सघन रिहायशी इलाके के पास होने तथा बारिश के सीजन के चलते यह जमीन धंसने का क्रम और भी बढ़ सकता है, जिससे जनधन हानि की संभावना है।

## वार्डों की सीमा निर्धारण के संबंध में आपत्ति एवं सुझाव 22 जुलाई तक आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। नगरीय निकायों में वार्डों का परिसीमन 2011 की जनगणना को आधार मानकार किया जा रहा है। जारी समय-सारणी अनुसार वार्डों का परिसीमन हेतु राजस्व अधिकारी का नाम निर्दिष्ट 18 जून 2024 को तथा परिसीमन की कार्रवाही हेतु 21 जून 2024 को न्यू सर्किट हाऊस रायपुर में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। नगर पालिक व नगर पालिका (वार्डों का विस्तार) नियम 1994 के नियम 6 के तहत सीमा निर्धारण संबंधी प्रस्ताव 24 जून से 12 जुलाई तक तैयार कर वार्डों की सीमा निर्धारण संबंधी निर्धारित प्रपत्र में प्रारंभिक प्रकाशन कर दी गई है। वार्डों की सीमा निर्धारण से संबंधी प्रारंभिक प्रकाशन संबंध में 15 से 22 जुलाई तक आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित की गई हैं। कलेक्टर द्वारा 25 जुलाई तक नियत अवधि में नागरिकों से प्राप्त आपत्ति एवं सुझाव तथा उन पर अपना अभिमत सहित सम्पूर्ण प्रस्ताव राज्य शासन को प्रेषित किया जाएगा।

# डॉ. रमन सिंह आज शहर के कई कार्यक्रमों में



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कल एक दिवसीय प्रवास पर शहर आ रहे है, वे इस दौरान अनेक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री सिंह कल 11.30 बजे अपने रायपुर स्थित निवास खनिज नगर मौलश्री विहार से प्रस्थान कर दोपहर 12.20 बजे विश्राम गृह दुर्ग पहुचेंगे। फिर वे दोपहर 1.10 बजे चिखली राजनांदगांव पहुंचकर वैष्णव समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण करेंगे। फिर वे दोपहर 2.00 बजे से विधानसभा अध्यक्ष निवास राजनांदगांव आकर आम लोगों से मुलाकात करेंगे। फिर वे शाम 4.00 बजे गांधी सभागृह में आकर एक पेड़ माँ के नाम पौधा वितरण कार्यक्रम में हिस्सा लेगें। फिर शाम 5.25 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास राजनांदगांव आकर रात्रि विश्राम करेंगे। इसी प्रकार दूसरे दिन स्थानीय कार्यक्रमों के लिये उनका समय आरक्षित रखा गया है।

# गुजराती स्कूल में महापौर व पूर्व सांसद ने किया पौधरोपण






राजनांदगांव(दावा)। प्रकृति के चारों ओर हरीतिमा बिखरेने के लिए इन दिनों पौधरोपण का कार्य जोरशोर से जारी है। शहर के गौरवपथ रोड पर स्थित गुजराती राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक शाला में सोमवार को महापौर श्रीमती हेमा देशमुख एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव के हाथों पौधरोपण किया गया। उक्त अवसर पर अतिथियों ने छात्रों को प्राकृतिक विपदा और वृक्षारोपण के महत्व को समझाकर वृक्षारोपण हेतु प्रोत्साहित किया।

गुजराती स्कूल के खेल प्रांगण में श्रीमती देशमुख व श्री यादव द्वारा रोपे गए पौधों में फलदार व छायादार पौधों की बहुलता रही। इस दौरान विशेष अतिथि के रूप में जिला शिक्षा विभाग से डीपीसी सतीश ब्यौहारे व पी.आर. झाड़े के अलावा जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, पाटीदार समाज के अध्यक्ष हीराभाई पटेल, नरेन्द्र भाई पटेल, हरिभाई पटेल, प्रशांत सोनी, पूर्व अध्यक्ष नाथाभाई रायचा, पूर्व सचिव गिरीश ठक्कर, सूरज बुद्धदेव, योगेश एल. कोटक, मनीष साहिता, शैलेश कनैया सहित शाला के अध्यक्ष विनय पटेल व सचिव रूपम सोनछात्रा (सी.ए.) की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का संचालन सचिव रूपम सोनछात्रा ने किया। वही आगत अतिथियों का आभार प्रदर्शन गुजराती स्कूल के प्राचार्य डी.आर. नावेलकर ने किया। शाला प्रबंध समिति व शिक्षकों ने अतिथियों का स्वागत किया।

# श्रावण माह में श्री शिव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना




डोंगरगढ़(दावा)। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़ द्वारा संचालित नीचे श्री बम्लेश्वरी मंदिर प्रागंण स्थित, श्री शिव मंदिर एवं ऊपर मंदिर स्थित श्री शिव मंदिर में श्रावण माह के अवसर पर दिनांक 22.07.2024 दिन सोमवार से दिनांक 19.08.2024 दिन सोमवार तक मनाया जाना है।

**नीचे श्री शिव मंदिर प्रागंण में होगा आयोजन**

श्रावण माह भर सर्व साधारण के लिये श्री शिव भगवान की पूजा अर्चना हेतु बेलपत्ती, फूल, दूध, जल की निःशुल्क व्यवस्था रहेगी। श्रावण माह में प्रतिदिन भगवान शंकर जी का अभिषेक पूजन एवं प्रत्येक सोमवार को विशेष अभिषेक पूजन प्रातः 4.30 बजे होगा। अभिषेक पूजन की राशि 500/= रुपये पांच सौ मात्र है।,अतः ट्रस्ट समिति ने सभी धर्म प्रेमी सज्जनों से निवेदन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर दर्शन लाभ प्राप्त करें। उक्ताशय की जानकारी ट्रस्ट के मंत्री महेन्द्र परिहार ने दी।

## आत्मीय स्वागत व अभिनंदन ...



राजनांदगांव (दावा)। सांसद संतोष पाण्डेय आज 16 जुलाई को होटल गुजरात इन में सौजन्य भेंट दी। इस दौरान होटल गुजरात इन के संचालक अरविंद ठक्कर द्वारा उनका आत्मीय स्वागत व अभिनंदन किया गया।

# चरमराई सफाई व्यवस्था से भद पिटते देख, निगम ने व्यवस्था लाई पटरी पर

**सफाई ठेका का टेण्डर पास... काम में जुटे सफाई कर्मी**

राजनांदगांव(दावा)। शहर के 51 वार्डों में से सफाई ठेके में चलने वाले 27 वार्ड के ठेके रद्द हो जाने तथा नया सफाई ठेका नहीं होने की वजह से शहर की सफाई व्यवस्था बूरी तरह चरमरा गई थी। हर जगह कूड़े-कचरे के अंबार देखने को मिल रहा था। नालियों कचरों से जाम होकर बजबजा रही थी। सोमवार की बारिश में नगर निगम की सफाई व्यवस्था का पोल को एक दम से खोल कर धर दिया। बारिश का पानी जहां निचली बस्तियों में घुसने लगी वही कचरे से बजबजाते नालों का पानी भी घरों में घुसने सड़कों में पसरे रहने के भी दृश्य सामने आए। इधर भाजपा पार्षदों के अलावा सफाई ठेका नहीं होने से काम से बिठा दिए गए 300 के करीब सफाई कर्मियों के आयुक्त से लेकर सांसद तक शिकायत किए जाने उपरांत अतः निगम को सफाई व्यवस्था पटरी पर लाना मजबूरी हो गया है। पखवाड़े भर तक शहर की सफाई व्यवस्था पटरी से उतरी रहने से लोग परेशान रहे। बारिश के बाद स्थिति और भी बिगड़ गई। इसकी वजह निगम में सफाई ठेके को लेकर की जा रही राजनीति रही। इस राजनीति का खमियाजा लोगों को उठाना पड़ रहा था। अब सफाई ठेके का टेण्डर पास होने के बाद इसका पटाक्षेप हो गया है।

### सफाई ठेके का टेंडर पास

बता दे कि चरमराई सफाई व्यवस्था के संबंध में चौतरफा आवाज उठने से निगम अपनी भद पिटती देख सफाई ठेके का टेण्डर पास करने मजबूर होना पड़ा। जानने में आ रहा है कि ठेके के तहत शहर की सफाई व्यवस्था सम्हालने के लिए 313 कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा। शहर के 27 वार्डों सहित रात्रिकालीन एवं हॉट बाजार में सफाई व्यवस्था नए ठेकेदार संभालते हुए नजर आएंगे। इन ठेकों के संचालन के लिए नगर निगम पर सालाना चार करोड़ रूपए का वित्तीय भार आएगा। शहर के उक्त 27 वार्ड में पुनः महिला समूहों की आड़ में कांग्रेस व भाजपा के नेताओं द्वारा ठेकेदारी की जाएगी। कुल मिलाकर देखा जाए तो कांग्रेस और भाजपा के नेताओं को सफाई ठेका नहीं मिलने के कारण इतने दिनों तक शहर के लोगों को चरमराई सफाई व्यवस्था का सामना करना पड़ा। अब जब उनके मन माफिक ठेके मिल गए है तब उनके द्वारा अब पूरी तरह चुप्पी साध ली गई है।

### निरस्त हुआ था सफाई ठेका

बता दे कि शहर के 27 वार्डों में सफाई ठेके की अवधि 30 जून को पूरी होने के पश्चात इन वार्डों में फिर से सफाई ठेका देने के लिए एमआईसी बैठक में प्रस्ताव लाया गया था। लेकिन सफाई ठेके को लेकर टेण्डर प्रक्रिया में गडबड़ी का आरोप लगाते हुए महापौर द्वारा इसे निरस्त कर दिया गया था। इससे शहर के 27 वार्डों की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई थी। शहर की चरमराई सफाई व्यवस्था से नगर निगम की भद पिटते तथा चारो ओर से निगम के खिलाफ आवाज उठती देख एम.आई.सी. द्वारा निरस्त किए गए टेंडर को स्वीकृत करने के लिए पुन विचार का पत्र महापौर हेमा देशमुख के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिसे एमआईसी से स्वीकृति की प्रत्याशी के आधार पर महापौर द्वारा स्वीकृत कर दिया गया। इसके बाद शहर की सफाई व्यवस्था पुनः पटरी पर लौट आई है। सफाई टेण्डर की स्वीकृति होने से कांग्रेस के 12 तो भाजपा समर्थित समूह को 15 वार्डों में सफाई ठेका मिल गया है। अब दोनों राजनीतिक दल के नेता सफाई ठेका पाकर गदगद है। उनके दोनों हाथों में लड्डू आ गया है।

# बोलेरो से रौंदकर मासूम को मौत की मुंह में पहुंचाने वाला चालक हिरासत में

राजनांदगांव (दावा)। निगम के ग्रामीण वार्ड कन्हारपुरी में बीती शाम तेज रफ्तार बोलेरो पिंकअप से रौंद कर फरार हुए वाहन चालक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

बता दें कि बीती शाम ग्राम कन्हारपुरी में अपने घर के बाहर खेल रहे 3 वर्षीय नेत्रांश को ग्जंगलेसर की ओर से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो के चालक ने म जबरदस्त रुप से ठोकर मार दी थी। इससे बालक लोहू- लुहान हो गया। बूरी तरह ज़ख्मी हुए बालक को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने बच्चे की मौत होने की पुष्टि कर दी।

इससे कन्हारपुरी निवासी नर्सिंग दास साहू के घर मातम फैल गया। अगले दिन ग्राम के मुक्तिधाम में नेत्रांश का अंतिम संस्कार किया गया। कोतवाली पुलिस में मामला दर्ज कराए जाने के उपरांत पुलिस आरोपी वाहन चालक की पतासाजी में जुटी हुई थी।

कोतवाली थाना प्रभारी में साहू ने बताया कि आरोपी बोलेरो पिंक अप वाहन क्रमांक, सीजी- 08/एडब्ल्यू 8291 के चालक चंद्रेश कुटारे को हिरासत में ले लिया गया है।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com